रोहतक
मंगलवार 12 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 97
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00


मौसम
अधि. 38.8
न्यून. 22.0


# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




7 एटा बुंडेसलिगा मैच जीतने वाली पहली महिला कोच बनीं मैरी लुईस

## खबर संक्षेप

### किसानों को समय पर नहीं हो रहा भुगतान

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने भाजपा सरकार द्वारा गेहूं की फसल का भुगतान 72 घंटे में करने के दावे को हवा हवाई बताते हुए कहा कि अभी भी बहुत बड़ी संख्या में किसानों को भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही 80 प्रतिशत भुगतान करने के दावे को झूठा बताते हुए कहा कि अभी तक मंडियों में गेहूं की फसल का पूरा उठान ही नहीं हुआ है। सच्चाई यह है कि किसानों का अभी भी लगभग 30 प्रतिशत बकाया है।

### आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र हो रहा मजबूत

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों और जिलों में आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से व्यापक राज्यव्यापी तैयारी अभ्यास शुरू किया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम के तहत हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया नियमावली के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं।

### एनसीआरबी ने खोली सुशासन की पोल : राव

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बढ़ती आत्महत्याओं के मामलों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सुशासन और विकास का दावा करने वाली सरकार ने निराशा, अवसाद और असुरक्षा के ऐसे दौर में धकेल दिया है, जहां आम नागरिक का जीवन लगातार संकट में पड़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के हालिया आंकड़े बेहद भयावह और चिंता पैदा करने वाले हैं। 2024 में 3360 लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने का तथ्य इस बात का स्पष्ट प्रमाण है सबकुछ ठीक नहीं है।

## प्रदेश में 2600 से ज्यादा अवैध कॉलोनियां जांच के घेरे में

# अवैध कॉलोनियों के खेल में कई बड़े अफसर एसीबी के रडार पर

**हाईकोर्ट सख्त**

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद तेज हुई अवैध कॉलोनियों की जांच
- नगर निगम, राजस्व व टाउन प्लानिंग विभाग पर भी कसेगा शिकंजा
- कॉलोनी माफिया और अधिकारियों की मिलीभगत की पड़ताल
- सीएलयू और एनओसी नियमों के उल्लंघन के मिले सबूत
- गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर जिलों में सबसे ज्यादा कार्रवाई

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में तेजी से फैलते अवैध कॉलोनियों के नेटवर्क को लेकर अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सख्त रुख अपना लिया है। प्रदेशभर में विकसित करीब 2600 अवैध कॉलोनियों की जांच के दायरे में अब केवल प्रॉपर्टी डीलर ही नहीं, बल्कि नगर निगम, राजस्व विभाग, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीसीपी) और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कई अधिकारी भी आ गए हैं। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देश पर चल रही इस जांच में जमीन रिकॉर्ड, नक्शों और एनओसी से जुड़े कई अहम दस्तावेज सामने आए हैं, जिनसे बड़े स्तर पर नियमों के उल्लंघन और मिलीभगत के संकेत मिले हैं। एसीबी के अनुसार जांच अंतिम चरण में है और अगस्त तक पूरी रिपोर्ट अदालत में पेश की जाएगी।

### बड़े स्तर पर अनियमितताओं का संकेत

राज्यभर में फैली अवैध कॉलोनियों के नेटवर्क का खुलासा जल्द होगा। सूत्रों मुताबिक, राज्य में करीब 2600 अवैध कॉलोनियों को चिह्नित कर लिया गया है। यह कॉलोनियां नियमों को उल्लंघन कर विकसित की गईं और संबंधित विभागों की लापरवाही या मिलीभगत से फलती-फूलती रहीं। इनमें जमीन के रिकॉर्ड, राजस्व दस्तावेज और कॉलोनियों के नक्शे शामिल हैं, जिनसे बड़े स्तर पर अनियमितताओं का संकेत मिलता है।

### सीएलयू के नियम तोड़े गए

रिपोर्ट में पता चला है कि कई हाउसिंग, संस्थागत और औद्योगिक प्रोजेक्टस कृषि भूमि पर बिना आवश्यक अनुमति के विकसित किए गए और बाद में लोगों को गुमराह कर बेच दिया गया। टीसीपी विभाग और संबंधित अधिकारियों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना बनाए गए ऐसे प्रोजेक्ट्स को अवैध घोषित किया है। हाईकोर्ट के आदेश पर चल रही जांच के बाद संबंधित विभागों में हड़कंप मचा हुआ है।



### एसीबी अगस्त में रिपोर्ट देगी

एसीबी के महानिदेशक एएस चावला के अनुसार, यह जांच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत की जा रही है। हाईकोर्ट सात बिंदुओं पर जवाब और ब्योरा मांगा गया था। हमने दो माह के वक्त को बहुत ही कम व सारी जानकारी एकत्र करने, जांच पड़ताल के लिए छह माह की मांग की थी। इस तरह से हाई कोर्ट की ओर से हमें छह माह का समय दिया गया है, अगस्त तक पूरा कर सबमिट कर देंगे। जांच में सैकड़ों अधिकारियों (नगर निगम, राजस्व विभाग और टाउन प्लानिंग) की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। इनके खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई होगी। फेसबुक, इंस्टाग्राम पर भ्रामक विज्ञापन देने वालों के खिलाफ भी एफआईआर होगी।

### एनसीआर में सबसे ज्यादा कालोनियां काटी

- हरियाणा के औद्योगिक और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों में सबसे ज्यादा अवैध कॉलोनियां विकसित हुई हैं
- कुरुक्षेत्र में 169, पलवल में 201, हिसार में 181 और यमुनानगर में 195 अवैध कॉलोनियां काटी गईं
- जनवरी 2024 में गुरुग्राम में अवैध कॉलोनी निर्माण मामले में 15 एफआईआर दर्ज
- गुरुग्राम केस में 100 से अधिक भू-कारोबारियों और प्रॉपर्टी डीलरों को नामजद किया गया
- मार्च 2026 में फरीदाबाद में एक सप्ताह के भीतर 20 नई एफआईआर दर्ज हुई
- फतेहाबाद और अंबाला में भी 5 से 21 लोगों के समूहों पर सामूहिक मुकदमे दर्ज
- फरीदाबाद में एक साल के दौरान करीब 100 डिमोलिशन ड्राइव चलाई गई
- जनवरी 2026 में गुरुग्राम में 8.5 एकड़ में कॉलोनियों पर चला बुलडोजर
- सोनीपत और रोहतक में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई

# सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था और स्वाभिमान का अमर प्रतीक : मुख्यमंत्री

■ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में बोले सीएम, मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होना गर्व की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

■ पिहोवा के श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम, श्रद्धालुओं ने देखा प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है, जिसने हर आक्रमण, हर संघर्ष और हर विपत्ति के बाद राष्ट्र को पुनः खड़े होने की शक्ति दी है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के कार्यक्रमों से जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता स्थली ज्योतिसर में पूजा भी की। पिहोवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को मंदिर कमेटी पदाधिकारियों और संत समाज ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया।





### मुख्यमंत्री ने साधु और संतों का शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया

इस दौरान मुख्यमंत्री और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पूजा करते हुए अपना संबोधन दिया। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु संतों का मुख्यमंत्री ने शॉल ओढ़ा कर सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व 11 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी 2027 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर से श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं तथा हरियाणा से भी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों ने बढ़ाई हड़ताल सड़कों पर फैला 14 हजार टन कूड़ा

■ एक मई से आंदोलन, 14 तक नहीं उठाएंगे कचरा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के निकाय सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल को तीन दिन और बढ़ा दिया है। हरियाणा नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर 1 मई से हड़ताल जारी है। सोमवार को 14 मई तक हड़ताल बढ़ा दी गई है।

ऐसे में अगले तीन दिन और शहरी क्षेत्रों से निकायों के सफाई कर्मचारी कचरा नहीं उठाएंगे। राज्य में फिलहाल 14 हजार टन से अधिक कचरा सड़कों पर ही पड़ा है हरियाणा नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने बताया की हड़ताल को अभी तीन दिन और बढ़ाया गया है। फिलहाल अनिश्चितकालीन हड़ताल नहीं की गई है। सरकार कर्मचारियों की सुन नहीं रही है, मजबूरी में उन्हें ये रास्ता अख्त्यार करना पड़ रहा है। वार्ता और मांगें पूरी करने का लगातार समय दे रहे हैं लेकिन सरकार बार-बार मेंअनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए मजबूर कर रही है।

## पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह को अदालत से राहत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान रह चुके सरदार संदीप सिंह को चंडीगढ़ जिला अदालत से बड़ी राहत मिली है।

■ दुष्कर्म के प्रयास की धाराएं जोड़ने की याचिका खारिज

संदीप सिंह के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले में दुष्कर्म के प्रयास की धाराएं जोड़ने से संबंधित चंडीगढ़ पुलिस की अर्जी को कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया है। पुलिस का तर्क था कि शिकायतकर्ता जूनियर महिला कोच की गवाही के आधार पर मामला यौन उत्पीड़न का नहीं, बल्कि दुष्कर्म के प्रयास का बनता है, इसलिए आईपीसी की धारा 376 और 511 जोड़ने की मांग की थी। साथ ही मामले को सत्र अदालत में विचारण के लिए भेजने की मांग की थी अदालत में संदीप सिंह ने याचिका का विरोध किया था।

**समानांतर विस सत्र चलाने का मामला**

## नेता प्रतिपक्ष ने विस स्पीकर को भेजा नोटिस का जवाब

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान विपक्ष के समानांतर सत्र चलाने के मामले में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण द्वारा नेता प्रतिपक्ष से स्पष्टीकरण मांगा था। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष ने कहा कि उन्होंने से स्पीकर द्वारा भेजे नोटिस का जवाब दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि प्रदेश में सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल को तुरंत खत्म कराने के लिए सरकार को बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने ने सफाई कर्मियों की मांगों का समर्थन किया और कहा है कि कर्मचारियों की मांगें जायज हैं, सरकार इन्हें मानकर हड़ताल खत्म करवाए। हुड्डा ने कहा कि हड़ताल के कारण पूरे प्रदेश में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। हर जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, सड़कों और गलियों में कचरा बिखरा पड़ा है। जरा सी बारिश होने पर कोई भी खतरनाक बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है।



## इंडिया स्पेस लैब में इंटर्नशिप करेंगे छात्र

**चंडीगढ़।** सरकार ने प्रदेश के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, उभरती तकनीकों और नवाचार आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार ने विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों का पंजीकरण इंडिया स्पेस लैब-समर इंटर्नशिप एवं टेक्निकल ट्रेनिंग प्रोग्राम-2026 में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा राज्य के सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी पत्र में कहा गया है कि नई दिल्ली स्थित इंडिया स्पेस लैब द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को अंतरिक्ष विज्ञान एवं अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। राज्य सरकार ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा इसकी जानकारी वेबसाइटों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य आधिकारिक माध्यमों पर भी उपलब्ध करवाई जाए।

# हरियाणा में फिर बनेगा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल : विज

■ कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए विशेष अकादमी खुलेगी

**चंडीगढ़।** प्रदेश में एक बार फिर से राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठित करने की तैयारी है। इतना ही नहीं विशेष प्रशिक्षण के लिए अलग से अकादमी होगी। दरअसल, ऊर्जा विभाग ने अफसरों को महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम की कापी भेजते हुए इस पर स्टडी के बाद फीडबैक देने को कहा है। अहम बात यहां पर यह है कि राज्य में पहले भी इस तरह का सुरक्षा बल गठित किया गया था लेकिन बाद में यह सियासत की भेंट चढ़ गया। अब एक बार फिर से जवानों और अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए सूबे में अलग से राज्य औद्योगिक सुरक्षा अकादमी के गठन का विकल्प भी खोल दिया गया है। बिजली विभाग ने शीर्ष अफसरों को महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा निगम अधिनियम-2010 की कापी भेजकर प्रस्ताव पर सुझाव और स्टडी के बाद में फीडबैक मांगा है। सुरक्षा बल को लेकर भले ही विचार मंथन और प्रक्रिया शुरु की गई हो लेकिन पूर्व की कांग्रेस शासन भूपेंद्र हुड्डा सरकार में नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाया था। हरियाणा में सरकारी कार्यालयों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक और निजी संस्थानों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तर्ज पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) गठित करने की तैयारी है।

## पंचकूला में स्ट्रांग रूम का सीसीटीवी बंद कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**पंचकूला** नगर निगम चुनाव के बाद सेक्टर-14 गर्ल्स कॉलेज में ईवीएम मशीनों को रखे गए स्ट्रांग रूम में सोमवार सुबह सीसीटीवी कैमरा बंद होने का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार स्ट्रांग रूम का मुख्य कैमरा सुबह करीब 9:30 बजे से 11 बजे तक बंद रहा, जिससे वहां मौजूद प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में चिंता का माहौल बन गया।कैमरा बंद होने की सूचना मिलते ही मेयर पद की कांग्रेस उम्मीदवार सुधा भारद्वाज अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि ईवीएम की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। मौके पर मौजूद उम्मीदवारों और समर्थकों ने मांग की कि स्ट्रांग रूम की निगरानी मजबूत करें।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एकबारगी खरीद आधार पर सर्जिकल स्टेंट्स और अलाइनर्स के लिए 3-डी प्रिंटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 11.05.2026 25.05.2026 | रु. 15,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एकबारगी खरीद आधार पर सर्जिकल स्कल मॉडल के लिए 3-डी प्रिंटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा। | 11.05.2026 25.05.2026 | रु. 45,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45042/I/88/6 दि. 11.05.26

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.संजय दहिया पुत्रः अजीत, पताः** वार्ड नं. 02 खरखोड़ा, सोनीपत, हरियाणा, **2.मोहित पुत्रः बलजीत सिंह, पताः** म. न. 100 वार्ड नं. 02 खरखोड़ा, सोनीपत, हरियाणा, **3.अजय नंदलाल पुत्रः बिजेन्दर, पताः** गाँव बोहर, जिला रोहतक हरियाणा, **4.साहब सिंह उर्फ साबा पुत्रः** हिम्मत सिंह, **पताः** गाँव बीधल, थाना गोहना, जिला सोनीपत, हरियाणा, **FIR No. 54/2026, U/s 310(2)/140(3)/127(2)/221/132/351(2)/115(2)/3(5)BNS,** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होंने किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय दहिया, मोहित, अजय नंदलाल** और **साहब सिंह उर्फ साबा** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय दहिया, मोहित, अजय नंदलाल** और **साहब सिंह उर्फ साबा** फरार हो गयें है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 54/2026, U/s 310(2)/140(3)/127(2)/221/132/351(2)/115(2)/3(5)BNS,** थानाः शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजय दहिया, मोहित, अजय नंदलाल** और **साहब सिंह उर्फ साबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव कटारिया, एलडी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07
कमरा नं. 208, दूसरी मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6183/ON/2026
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **हरजीत सिंह, पुत्र** बलदेव सिंह (मैसर्स न्यू वाराइच ट्रेंडिंग कंपनी थ्र. प्रॉप.), **पताः** मकान नं. 208 वार्ड नंबर 10 ऐलनाबाद अमृतसर (129) अमृतसर कलां जिला सिरसा, हरियाणा **Ct. Case/CC NI Act: 370/2018, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजीत सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरजीत सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हरजीत सिंह, Ct. Case/CC NI Act: 370/2018, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
पूनम सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(पश्चिम) (एनआई एक्ट)-04
कमरा नं. 04 एनेक्स-I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5896/OD/2026
(Court Matter)

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 139 दिनांक 05.05.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - मनीष।
पिता का नाम राजेन्द्र।
पता वासी गांव हरसाना कंला जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 23 वर्ष।
कद 5 फुट 6 ईन्च।
हुलिया- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखें, लम्बी नाक, सामान्य शरीर, ठोड़ी के नीचे तिल का निशान है।
पहनावा - काले रंग का शर्ट व नीले रंग की जीन्स, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.05.2026 को मनीष पुत्र राजेन्द्र वासी गांव हरसाना कंला जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना- 7419410534
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9992726265
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4789/2027/45037/88/6 दि. 11.05.26

## सांकेतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय** : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
**शाखा कार्यालय** : प्लॉट नं. 05, टीचर्स कॉलोनी, एटलस रोड, सोनीपत-131001

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भरतराज बी आसेरी पुत्र बृजलाल तुलसाराम आसेरी (कर्जदार), वीना देवी पत्नी भरत राज (सह-कर्जदार) म. नं. 62ए, गली नं. 3, रविदास नगर, वार्ड नं. 17, नल डबवाली (277) सिरसा, 125104, हरियाणा, LHSIR00001317613 | भरत राज पुत्र बृज लाल के पक्ष में दस्तावेज नं. 1554 दिनांक 25.05.2011 के अनुरूप गांव डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा में स्थित जमाबंदी वर्ष 2007-2008 खसरा नं. 2014, खेवट नं. 66 मिन, खाता नं. 353 में निहित 34 कनाल 11 मरला का 5/891 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 0 कनाल 5 मरला (151 वर्ग गज) के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं-/कब्जे की तिथि - 06 मई 26 | 11-02-2026 रु. 10,48,928.2/- | हिसार |
| 2. | भरतराज बी आसेरी पुत्र बृजलाल तुलसाराम आसेरी (कर्जदार), वीना देवी पत्नी भरत राज (सह-कर्जदार) म. नं. 62ए, गली नं. 3, रविदास नगर, वार्ड नं. 17, नल डबवाली (277) सिरसा, 125104, हरियाणा, LHSIR00001331662 | भरत राज पुत्र बृज लाल के पक्ष में दस्तावेज नं. 1554 दिनांक 25.05.2011 के अनुरूप गांव डबवाली, तहसील डबवाली, जिला सिरसा में स्थित जमाबंदी वर्ष 2007-2008 खसरा नं. 2014, खेवट नं. 66 मिन, खाता नं. 353 में निहित 34 कनाल 11 मरला का 5/891 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 0 कनाल 5 मरला (151 वर्ग गज) के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं-/कब्जे की तिथि - 06 मई 26 | 11-02-2026 रु. 5,88,848.98/- | हिसार |
| 3. | जतिन कुमार पुत्र अशोक कुमार (कर्जदार), अशोक कुमार पुत्र प्यारे लाल (सह-कर्जदार), सुनीता रानी पुत्र अशोक कुमार (सह-कर्जदार), मकान नं. 287/2, गली नं. 9/4, रतिया, जिला फतेहाबाद-125051 हरियाणा, मोबाइल नं. 9541157005, LHSIR00001354491 | अशोक कुमार पुत्र प्यारे लाल के पक्ष में दस्तावेज नं. 880 दिनांक 18.06.2001 के अनुरूप टिब्बा कॉलोनी, रतिया, जिला फतेहाबाद, हरियाणा में स्थित खसरा नं. 200//20/1(1-10) में निहित 1 कनाल 10 मरला का 4/30 हिस्सा जो सम्पत्ति माप 120 वर्ग गज अर्थात 4 मरला के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं-/कब्जे की तिथि 07 मई 26 | 11-02-2026 रु. 9,46,794/- | हिसार |
| 4. | इकरामुद्दीन सी/ओ इस्लामुदीन (कर्जदार), सबाना खातुन सी/ओ इकरामुद्दीन (सह-कर्जदार), डी 2024/2, गली नं. 1, पीडब्ल्यूडी ऑफिस, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001-हरियाणा LHSNP00001653649 | श्रीमती सबाना खातुन पत्नी श्री इकरामुद्दीन के पक्ष में दस्तावेज नं. 6047 दिनांक 05.08.2024 के अनुरूप इंडियन कॉलोनी तहसील व जिला सोनीपत में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 खेवट नं. 676 खाता नं. 887, खसरा नं. 52223/493(7-4) में निहित भूमि 7 बीघे 4 बिस्वे का 1/144 हिस्सा जो सम्पत्ति आईडी नं. 1JC8VRY4 माप 50 वर्गगज वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : गली/रास्ता, दक्षिण : प्लॉट दीगर, पूर्व : प्लॉट दीगर, पश्चिम : प्लॉट दीगर। / कब्जे की तिथि 06 मई 26 | 18-02-2026 रु. 5,97,132.6/- | सोनीपत |
| 5. | इकरामुद्दीन सी/ओ इस्लामुदीन (कर्जदार), सबाना खातुन सी/ओ इकरामुद्दीन (सह-कर्जदार), डी 2024/2, गली नं. 1, पीडब्ल्यूडी ऑफिस, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001-हरियाणा LHSNP00001653720 | श्रीमती सबाना खातुन पत्नी श्री इकरामुद्दीन के पक्ष में दस्तावेज नं. 6047 दिनांक 05.08.2024 के अनुरूप इंडियन कॉलोनी तहसील व जिला सोनीपत में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 खेवट नं. 676 खाता नं. 887, खसरा नं. 52223/493(7-4) में निहित भूमि 7 बीघे 4 बिस्वे का 1/144 हिस्सा जो सम्पत्ति आईडी नं. 1JC8VRY4 माप 50 वर्गगज वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : गली/रास्ता, दक्षिण : प्लॉट दीगर, पूर्व : प्लॉट दीगर, पश्चिम : प्लॉट दीगर। / कब्जे की तिथि 06 मई 26 | 18-02-2026 रु. 22,430/- | सोनीपत |
| 6. | इकरामुद्दीन सी/ओ इस्लामुदीन (कर्जदार), सबाना खातुन सी/ओ इकरामुद्दीन (सह-कर्जदार), डी 2024/2, गली नं. 1, पीडब्ल्यूडी ऑफिस, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001-हरियाणा LHSNP00001614660 | श्रीमती सबाना खातुन पत्नी श्री इकरामुद्दीन के पक्ष में दस्तावेज नं. 6047 दिनांक 05.08.2024 के अनुरूप इंडियन कॉलोनी तहसील व जिला सोनीपत में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 खेवट नं. 676 खाता नं. 887, खसरा नं. 52223/493(7-4) में निहित भूमि 7 बीघे 4 बिस्वे का 1/144 हिस्सा जो सम्पत्ति आईडी नं. 1JC8VRY4 माप 50 वर्गगज वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : गली/रास्ता, दक्षिण : प्लॉट दीगर, पूर्व : प्लॉट दीगर, पश्चिम : प्लॉट दीगर। / कब्जे की तिथि 06 मई 26 | 18-02-2026 रु. 10,27,514.04/- | सोनीपत |
| 7. | इकरामुद्दीन सी/ओ इस्लामुदीन (कर्जदार), सबाना खातुन सी/ओ इकरामुद्दीन (सह-कर्जदार), डी 2024/2, गली नं. 1, पीडब्ल्यूडी ऑफिस, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001-हरियाणा LHSNP00001614661 | श्रीमती सबाना खातुन पत्नी श्री इकरामुद्दीन के पक्ष में दस्तावेज नं. 6047 दिनांक 05.08.2024 के अनुरूप इंडियन कॉलोनी तहसील व जिला सोनीपत में स्थित जमाबंदी वर्ष 2021-2022 खेवट नं. 676 खाता नं. 887, खसरा नं. 52223/493(7-4) में निहित भूमि 7 बीघे 4 बिस्वे का 1/144 हिस्सा जो सम्पत्ति आईडी नं. 1JC8VRY4 माप 50 वर्गगज वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : गली/रास्ता, दक्षिण : प्लॉट दीगर, पूर्व : प्लॉट दीगर, पश्चिम : प्लॉट दीगर। / कब्जे की तिथि 06 मई 26 | 18-02-2026 रु. 20,611.99/- | सोनीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 12 मई 2026
स्थान : सिरसा, फतेहाबाद, सोनीपत

प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

रोहतक
मंगलवार 12 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 97
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.8
न्यून. 22.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 आईसीसी वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1', पाक को झटका

बंगाल में नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले


# भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बाड़ का रास्ता साफ

**ममता की निशानियों को मिटा रही शुभेंदु सरकार**

**आयुष्मान भारत योजना को किया जाएगा लागू**

**सभी मनोनीत व पुनर्नियुक्त अफसरों को किया बर्खास्त**

*शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उनकी सरकार पिछली सरकारों द्वारा 10 या 34 साल पहले शुरू की गई सामाजिक योजनाओं को बंद नहीं करेगी। इन योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाएगा।*



2216 किमी बांग्लादेश से लगती है बंगाल की सीमा

असम 262, त्रिपुरा 856, मिजोरम 318 व मेघालय के साथ 443 किमी सीमा लगती है

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी। हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी।



## बैठक में ये फैसले भी

- चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी।
- आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को सेंट्रल ट्रेनिंग की परमिशन दी जाएगी।
- बंगाल में बीएनएस लागू नहीं था, राज्य में इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा।
- राज्य सरकार की नौकरियों में पांच साल का विस्तार दिया गया है।
- तृणमूल के शासन में चल रहे कथित अवैध टोल वसूली नाके हटाए जा रहे हैं।
- चुनावी हिंसा में हुई मौतों की जांच की जाएगी। संघर्ष में जिन 321 लोगों की जान गई, उन्हें न्याय दिलाया जाएगा।

## ये योजनाएं भी होंगी लागू

मुख्यमंत्री ने बताया कि बंगाल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, किसानों को फसल बीमा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी स्कूलों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना और कारीगरों एवं शिल्पकारों को समर्थन देने वाली प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी कई अन्य केंद्रीय कल्याणकारी परियोजनाओं का भी हिस्सा होगा। राज्य में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना और रियायती दरों पर खाना पकाने के रसोई गैस प्रदान करने वाली उज्ज्वला 3.0 योजना भी लागू की जाएगी।

## नपा भर्ती घोटाले में सुजीत बोस गिरफ्तार

टीएमसी सरकार में अग्निशमन सेवा मंत्री रहे सुजीत बोस को ईडी ने सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया, उन पर नगर पालिका भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यह गिरफ्तारी हुई है। वह जांच के लिए ईडी के समक्ष पेश हुए थे। एजेंसी ने लंबी पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। उन पर करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप हैं।

## शुभेंदु के निजी सचिव हत्याकांड में 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्पशूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**सोमनाथ मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के 75 साल पूरे होने पर बोले मोदी**

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती

**देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें तुष्टीकरण जरूरी लगता है**

**आज के ही दिन 11 मई 1998 को पोकरण में परमाणु परीक्षण किया**

**विश्वभर की शक्तियां भारत को दबोचने मैदान में उतरीं हम डटे रहे, डरे नहीं**

**सोमनाथ (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती या दबाव में नहीं ला सकती है। भगवान शिव के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्भाग्य से देश में ऐसी शक्तियां आज भी प्रभावी हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्वाभिमान से ज्यादा तुष्टीकरण जरूरी लगता है और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरोध के दौरान भी इसी तरह की सोच दिखाई दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा, ''अगर 1947 में भारत आजाद हुआ था... तो, 1951 में सोमनाथ की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। मोदी ने कहा कि सोमनाथ का 'अमृत महोत्सव' केवल अतीत का उत्सव नहीं है, यह अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का महोत्सव भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई केवल सोमनाथ मंदिर के नए स्वरूप में प्राण प्रतिष्ठा के लिए ही नहीं, बल्कि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 1998 में आज के ही दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में परमाणु परीक्षण किया था।



## बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

**विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करने पर विचार, तेल कंपनियों को रहा भारी नुकसान**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार विदेशी मुद्रा भंडार को बचाने के लिए इमरजेंसी एक्शन पर विचार कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के असर और बढ़ती तेल कीमतों के बीच सरकार ईंधन सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ाने पर विचार कर सकती है। इसका मकसद बढ़ती तेल कीमतों के असर को कंट्रोल करना और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रधानमंत्री कार्यालय, वित्त मंत्रालय और आरबीआई के अधिकारियों के बीच इस पर चर्चा हुई है। इधर, सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में वेस्ट एशिया पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पांचवीं बैठक हुई। इसमें कहा गया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों के बावजूद तेल कंपनियां रोज करीब 1000 करोड़ का नुकसान झेल रही हैं, ताकि आम लोगों पर बोझ न पड़े। वहीं, दूसरी ओर पीएम मोदी ने लगातार दूसरे दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा। विदेश में रहने वाले भारतीयों से कहूंगा कि कम से कम पांच विदेशी मेहमानों को भारत घुमाने लाइए। उन्होंने कहा- सोने के आयात पर भी देश का बहुत बड़ा पैसा विदेश जाता है। जब तक हालात सामान्य न हों हम सोने की खरीद टालें।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने लॉन्च किया 'वन केस, वन डेटा' सिस्टम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 'वन केस, वन डेटा' सिस्टम का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य देशभर की अदालतों के केस मैनेजमेंट को एक एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाना है। इससे अदालतों का डेटा एक ही जगह उपलब्ध होगा] जिससे केस ट्रैकिंग और रिकॉर्ड एक्सेस करना आसान हो जाएगा। साथ ही, पक्षकारों की सुविधा के लिए 'एसयू सहाय' एआई चैटबॉट भी पेश किया गया है। *एजेंसी*

### नोएडा से अकासा की उड़ानें 16 जून से शुरू

**नई दिल्ली।** अकासा एयर 16 जून से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपनी उड़ान सेवाएं शुरू करेगी।



अकासा एयर ने कहा कि वह 16 जून से नोएडा हवाई अड्डे को बेंगलुरु और नवी मुंबई से जोड़ने वाली दैनिक उड़ानें शुरू करेगी। अकासा एयर का हवाई अड्डा परिसर के भीतर एक रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल केंद्र भी होगा। *एजेंसी*

**तेहरान ने बंदरगाहों से नौसैनिक नाकेबंदी हटाने को कहा**

# ट्रंप ने ठुकराया ईरान का जंग रोकने का प्रस्ताव



**ईरान को भेजा था 14 सूत्रीय प्रस्ताव**

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता। इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी। अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब 440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गईं अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। *(पेज 8 भी देखें)*

*विनेश बोलीं- इजाजत मिल चुकी*

## मुझे गोंडा में खेलने नहीं दिया 14 दिन में दूंगी नोटिस का जवाब

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** रेसलर विनेश फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के कारण बताओ नोटिस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



मैंने नियमों का उल्लंघन नहीं किया

सोमवार को विनेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा कि मुझे एक जनवरी को ही खेलने की इजाजत मिल चुकी है। डब्ल्यूएफआई ने मेरी लीव को गलत तरह से समझा है। मैंने नियमों का उल्लंघन नहीं किया। डोप टेस्ट में शामिल न होने की जानकारी अधिकारियों को पहले ही दे दी थी। मैं 14 दिन में सबूतों के साथ डब्ल्यूएफआई को जवाब दूंगी। मुझे गोंडा में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने दिया गया। उन्होंने कहा- मैंने संन्यास वापसी के नियमों का पालन किया है। मैं टूर्नामेंट खेलने के लिए पात्र हूं। *(खेल पेज भी देखें)*

*तरनतारन के रहने वाले, पुलिस जवान को भी लगी गोली*

# गुरुग्राम में दीपक नांदल गैंग का शूटर एनकाउंटर में ढेर, दूसरा बदमाश घायल

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस और दो बदमाशों के बीच सोमवार सुबह मुठभेड़ हो गई। गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड पर बंधवाड़ी टोल प्लाजा के पास हुई इस मुठभेड़ में बदमाशों ने पुलिस पर 10 राउंड फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में गैंगस्टर दीपक नांदल का एक शार्प शूटर ढेर हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया। गोली लगने से एक पुलिस का जवान भी घायल हुआ है। मृतक की पहचान गुरुशेर सिंह उर्फ शेरा (23) और घायल की जसपाल उर्फ बबल (28) के रूप में हुई है।



सिंगर फाजिलपुरिया के इवेंट ऑर्गेनाइजर के घर पर की थी फायरिंग

दोनों पंजाब के तरनतारन के रहने वाले हैं। इन दोनों ने 2 मई की रात को हरियाणवी सिंगर राहुल फाजिलपुरिया के इवेंट ऑर्गेनाइजर सौरभ के घर पर फायरिंग की थी।

### ग्लोक पिस्टल से की पुलिस पर फायरिंग

पुलिस ने आगे बताया कि गुरुशेर और जसपाल को पुलिस रिमांड के दौरान हथियार बरामदगी के लिए सुबह 9:30 बजे बंधवाड़ी टोल प्लाजा के पास ले जाया गया था। वहां उन्होंने ग्लोक पिस्टल निकालकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें पुलिस जवान नवीन भी घायल हो गए।

## हंता वायरस के संपर्क में आए 17 यात्री अमेरिका लाए गए, किडनी फेल होने का खतरा, क्वारंटीन किया

**वॉशिंगटन।** हंता वायरस के संपर्क में आए 17 अमेरिकी यात्रियों को अमेरिका के नेब्रास्का मेडिकल सेंटर लाया गया है। यहां उन्हें 42 दिनों तक निगरानी और क्वारंटीन में रखा जाएगा। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इन सभी यात्रियों को अमेरिकी सरकार के स्पेशल विमान से वापस लाया गया। ये सभी यात्री 'एमवी होंडियस' नाम की उस क्रूज शिप से लौटे हैं, जहां वायरस के मामले सामने आए थे। यह जहाज स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में रुका था। इसके बाद एक यात्री में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे में हल्के लक्षण पाए गए हैं। एहतियात के तौर पर दोनों को स्पेशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया। डॉक्टर अब बाकी यात्रियों की जांच करेंगे कि उनमें संक्रमण है या नहीं। अगर कोई बीमार पाया जाता है तो उसका इलाज किया जाएगा। जो लोग स्वस्थ होंगे, उन्हें घर भेजा जा सकता है, लेकिन उनकी निगरानी जारी रहेगी। हंता वायरस एक खतरनाक वायरस है, जो ज्यादातर चूहों और गिलहरियों जैसे जानवरों से फैलता है। यह उनके मल, पेशाब और लार में पाया जाता है।

## भगवंत मान के चचेरे भाई भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्हें चंडीगढ़ में हरियाणा के सीएम नायब सैनी और पंजाब भाजपा प्रधान सुनील जाखड़ ने पार्टी जॉइन कराई। वह लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आप के कैंपेन इंचार्ज रहे। संगरूर के गांव सतौज के रहने वाले ज्ञान सिंह मान ने साल 2012 के विधानसभा चुनाव से अपना सफर शुरू किया। 2013 में आम आदमी पार्टी के गठन के समय से ही संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया। वह 2014 से 2022 तक संगरूर सांसद कार्यालय के प्रभारी रहे। 2022 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भगवंत मान के चुनाव क्षेत्र धुरी के कार्यालय प्रभारी के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। भाजपा में उनकी जॉइनिंग को खासकर मालवा क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है।






**रिश्तों में तनाव जानलेवा : अपनों की जान लेकर खुद भी लगा रहे मौत को गले**

## लुधियाना : पिता को शादी करने से रोका तो बेटे को दौड़ा-दौड़ाकर मारीं गोलियां

एजेंसी ▸▸| लुधियाना

लुधियाना में घरेलू विवाद में एक रिटायर्ड फौजी पिता ने अपने ही इकलौते बेटे को बीच सड़क दौड़ा-दौड़ा कर गोलियों से भून दिया। उसने बेटे को घर से लेकर सड़क तक गोलियां मारीं, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता घर लौटा और खुद भी जहर (सल्फास) निगल लिया, जिससे उसकी भी मौत हो गई। दोनों दूसरी शादी को लेकर झगड़ते थे। पत्नी की मौत के बाद पिता दूसरी महिला के संपर्क में था और शादी करना चाहता था। जबकि, बेटा इसका विरोध करता था। इनके बीच कई बार झगड़े हो चुके थे। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है और विदेश में रह रहे परिजन को सूचना दे दी है। वारदात रविवार रात करीब 9 बजे लुधियाना के न्यू एगर नगर इलाके में हुई। लोगों के अनुसार, रात करीब साढ़े 8 बजे युवक गुरशरण सिंह उर्फ गिन्नी और उसके पिता सुरिंदर सिंह के बीच झगड़ा शुरू हुआ। दोनों के बीच काफी देर तक बहस होती रही। फिर अचानक फौज से रिटायर्ड सुरिंदर ने अपनी बंदूक निकाली और बेटे गुरशरण सिंह को गोलियां मार दी। इसके बाद पिता घर लौटा और करीब 10 मिनट के अंदर ही उसने भी सल्फास निगल लिया। इससे पिता सुरिंदर सिंह की भी मौत हो गई।



गुरशरण सिंह

**रिटायर्ड फौजी पिता ने खुद भी सल्फास निगला**

**घरेलू कलह में वारदात को दिया अंजाम**

## फरीदाबाद : पिता ने 5 साल के बेटे की हत्या कर सीने से बांधा शव, फिर लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरीदाबाद

बल्लभगढ़ उपमंडल के गांव दयालपुर गांव में 34 वर्षीय सागर ने अपने इकलौते पांच वर्षीय बेटे रक्षित की हत्या कर उसके शव को अपने सीने से बांधा, फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। व्यक्ति नशा करने और रोजाना परिजनों से झगड़ा करता था। उसकी इस आदत से परेशान होकर पत्नी-बेटा, माता-पिता व अविवाहित बड़ा भाई पैतृक मकान छोड़कर पड़ोसी गांव की कालोनी में किराए पर रह रहे थे।



नशा करने का आदी था सागर बार-बार करता था झगड़ा

पुलिस का मानना है कि संभवतया इसी मानसिक पीड़ा के चलते उसने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। दयालपुर गांव में रूपचंद अपनी पत्नी मंजू, बड़े बेटे भारत, छोटे बेटे सागर के साथ रह रहा था। सागर घरेलू गाड़ी पर ड्राइवर था। सागर ने आठ साल पहले नेहा नामक युवती से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद नेहा ने पुत्र लक्षित को जन्म लिया। पांच वर्षीय लक्षित अब नर्सरी कक्षा में पढ़ रहा था। सागर कई तरह का नशा करता था, जिसके कारण उसका पत्नी, माता-पिता व भाई से अक्सर झगड़ा रहने लगा। रोजाना कलह से तंग आकर रूपचंद ने परिवार सहित पैतृक मकान को छोड़ने का फैसला लिया।

## खबर संक्षेप

### फर्जी दस्तावेज लगा तीन एलआईसी पॉलिसी से मां-भाई ने हड़पी राशि

**कैथल।** शहर के सेक्टर 19 निवासी महिला से मां व भाई ने फर्जी दस्तावेज लगा तीन एलआईसी पॉलिसियों में जोड़ी गई 1.52 लाख रुपये की राशि हड़प ली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में सेक्टर-19 पार्ट-1 निवासी संदीप कौर ने बताया कि उसने 30 मार्च 2026 को भी इस मामले में शिकायत दी थी। इसके बाद जब वह एलआईसी के कैथल कार्यालय पहुंची और अपनी तीन बीमा पॉलिसियों की जानकारी ली तो पता चला कि उसके नाबालिग रहने के दौरान गांव रसूलपुर निवासी आरोपी सतिंद्र सिंह और परमजीत कौर ने दो पॉलिसियां सरेंडर कराकर 83 हजार 581 रुपये की राशि निकाल ली। यह रकम 20 अक्टूबर 2010 को जारी चेक के जरिए निकाल ली गई। तीसरी पॉलिसी नंबर को भी उसकी गैर मौजूदगी में सरेंडर करा लिया गया। उसके भाई सतिंद्र सिंह ने फर्जी हस्ताक्षर कर पॉलिसी की सरेंडर वैल्यू निकलवाई और 69 हजार 312 रुपये की रकम 16 मई 2014 को संयुक्त बैंक खाते में डलवा दी।

### 50 किलोग्राम चांदी और 15 तोले सोना चोरी

**अंबाला।** खुड्डा खुर्द के निकट ओम नगर में चोरों ने एक बंद मकान के ताले चटकाकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित परिवार जब रिश्तेदारी से लौटा तो घर के हालात देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने साढ़े तीन लाख की नकदी के अलावा सोने-चांदी के लाखों रुपये के आभूषण भी चोरी कर लिए। पीड़ित जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह शनिवार को सुबह करीब 10:30 बजे परिवार सहित लुधियाना गए थे। सुबह करीब 8 बजे जब वह वापस लौटे तो पड़ोसियों ने उन्हें घर में चोरी होने की सूचना दी। करीब 15 तोले सोने के आभूषण चोरी हुए हैं। इसके अलावा 50 किलो चांदी के आभूषण चुराए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों में एक्टिवा सवार चोर साफ नजर आ रहे हैं।

### एमडीयू यूजी कोर्स के लिए 26 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सत्र 2026-2027 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रमों (यूजी ऑनर्स/यूजी ऑनर्स विद रिसर्च) तथा पंच वर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए अधिसूचना जारी कर है। 21 पाठ्यक्रमों में 1580 सीटों पर दाखिले के लिए 26 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम 10 से 16 जून तक आयोजित किए जाएंगे। रिजल्ट 22 जून को जारी होगा।

## रब ने बना दी जोड़ी



### 3 फीट के दूल्हे को मिली बराबर की जोड़ी

**कैथल।** गांव चंदाना में तीन फीट के दूल्हा-दुल्हन की शादी चर्चा का विषय बना हुई है। शादी में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दूल्हा बुलेट बाइक पर डांस करते हुए जींद की दुल्हन को लेने गया। हालांकि, पहले कुछ रिश्ते आए भी थे, लेकिन परिवार ने शादी से मना कर दिया, क्योंकि उस समय तक उसके बड़े भाइयों की शादी नहीं हुई थी। बाद में उसे रिश्ता मिलना मुश्किल हो गया।

#### जागरण में काम करता है विक्रम

विक्रम के परिवार ने जींद के गांव हाट में लड़की ढूंढी और रिश्तेदारों की सहायता से अपने बेटे का रिश्ता पक्का किया। रविवार देर रात विक्रम (26) अपने माता-पिता के सामने उनकी बहू प्रियंका (25) को लेकर पहुंचा। विक्रम ने कहा कि उनकी जोड़ी भगवान ने बनाई है। वे बारात में भी कम ही लोगों को लेकर गए। वह जागरण मंडली में काम करता है। पिता दर्शन लाल ने कहा कि वे अपने बेटे की शादी से काफी खुश हैं।

#### कई बार हंसी-मजाक का भी किया सामना

विक्रम ने बताया कि गांव में कई लोग उसे बौना भी कह देते हैं, लेकिन वह इस बात का बुरा नहीं मानते, बल्कि इसे ग्रामीणों का प्यार समझते हैं। भले ही लोग उन्हें इस नाम से पुकारते हों, लेकिन उनकी इज्जत भी करते हैं।



**कैथल।** नवदंपति विक्रम और प्रियंका।

## एनआईटी कुरुक्षेत्र में नहीं थम रहा आत्महत्या का सिलसिला

# दो माह में 4 स्टूडेंट के सुसाइड के बाद अब मेस कर्मी ने लगाया फंदा

- मेस के पीछे आम के पेड़ पर लटककर दी जान, सरेआम सुसाइड से सिक्योरिटी पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में आत्महत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दो माह में चार स्टूडेंट द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद अब एक कर्मचारी ने मौत को गले लगा लिया। हॉस्टल नंबर-4 की मेस में काम करने वाले कर्मचारी ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिसर में सरेआम फंदा लगाने की घटना से एनआईटी की सिक्योरिटी पर भी सवाल उठने लगे हैं। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला हरदोई के फतेहपुर निवासी कौशल (29) के रूप में हुई है। कौशल मेस में चपाती बनाने का काम करता था। कौशल अपने पीछे पत्नी शिवानी (25) और 5 साल के बेटे मयंक और डेढ़ साल के मृदुल को छोड़ गया। कौशल की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना सोमवार सुबह करीब 6 बजे की है। सुबह हेड कुक ने मेस के पीछे बने हिस्से में कौशल को आम के पेड़ पर रस्सी के साथ फंदे पर लटके देखा। उसने तुरंत एनआईटी प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। अशोक कुमार निवासी आशापुर जिला हरदोई ने बताया कि उसका साला कौशल ज्यादा शराब पीता था। रविवार रात शराब पीकर घर आया था। सुबह करीब 4 बजे उसने अपनी पत्नी शिवानी से अपना बैग मांगा और ड्यूटी पर जाने की बात कहकर घर से निकल गया। कुछ देर बाद ही उसने हॉस्टल नंबर 4 की मेस के पीछे आम के पेड़ पर फांसी लगाई।

### हॉस्टल मेस में चपाती बनाता था

कौशल की बहन पूनम ने बताया कि घटना से पहले उसके भाई ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर अपने पिता की फोटो के साथ सैड सॉन्ग का स्टेट्स लगा रखा था। उसके भतीजे ने स्टेटस देखा तो उन्होंने कौशल को घर बुलाकर काफी समझाया। कौशल करीब एक साल से एनआईटी के हॉस्टल की मेस में चपाती बनाने का काम करता था। अब मेस कर्मचारी की मौत के बाद संस्थान का माहौल फिर से गंभीर हो गया है। उधर, थर्ड गेट चौकी पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक के बहनोई अशोक कुमार के बयान पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।



### तीन छात्र व एक छात्रा फंदा लगा चुके हैं

- 16 फरवरी को तेलंगाना के रहने वाले अंगोद शिवा (19) ने हॉस्टल के रूम में फांसी लगाकर जाने दे दी थी।
- 31 मार्च को पवन कुमार (22) निवासी घासैड़ा जिला नूंह ने अपनी जान दी थी। पवन बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था।
- 9 अप्रैल को सिरसा जिले के गांव शेरपुर के प्रियांशु वर्मा (22) ने फंदा लगाया था। प्रियांशु बीटेक थर्ड ईयर का स्टूडेंट था।
- 16 अप्रैल को बीटेक सेकंड ईयर की छात्रा व बिहार निवासी दीक्षा ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था।

## हथियार बरामदगी के दौरान भागने का प्रयास

# चौथ मांगने के आरोपी ने पुलिस हिरासत में पुल से लगाई छलांग



**जींद।** अस्पताल में उपचाराधीन रंगदारी मांगने का आरोपी अमरजीत। पुल से कूदने की वजह से उसके पैर में फ्रैक्चर आया है।

- एक दिन पहले पांच आरोपियों को पुलिस ने गंजा करवा बाजार में घुमाया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नरवाना में चौथ मांगने के मामले में गिरफ्तार आरोपित ने पुलिस हिरासत से भागने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपित ने पुल से नीचे छलांग लगा दी, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे नरवाना अस्पताल में भर्ती करवाया।

उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा ने बताया कि मॉडल टाउन नरवाना निवासी व्यापारी नरेश जैन को कुछ युवकों ने हर माह एक लाख रुपये मंथली देने की बात कही थी। पुलिस ने मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी नामजद आरोपितों को काबू कर लिया था। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गांव काब्रच्छा निवासी अमरजीत, प्रवेश, मयंक, राहुल तथा सचिन के रूप में हुई थी। रविवार को पांचों आरोपितों को गंजा कर बाजार में घुमाया। वहीं पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली थी। पुलिस द्वारा आरोपित राहुल, सचिन, मयंक व प्रवेश को अदालत में पेश कर जिला जेल भेज दिया, जबकि मुख्य आरोपित अमरजीत का पुलिस रिमांड हासिल किया था।

सोमवार को थाना शहर नरवाना पुलिस आरोपी अमरजीत को हथियार बरामदगी के लिए रेलवे पुल हिसार नरवाना बाईपास के पास लेकर गई थी। जहां आरोपित ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश करते हुए पुल से नीचे छलांग लगा दी। उसके बाएं पैर में चोट लगी है।

# यमुनानगर में सुबह सैर कर रहे दिव्यांग की गोलियां मारकर हत्या

- बाल छप्पर गांव में अकेला ही रहता था अधेड़, बेटा-बहू विदेश में, पुरानी रंजिश की बात आ रही सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव बाल छप्पर में सोमवार सुबह सैर कर रहे व्यक्ति की बदमाशों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी। मृतक व्यक्ति बोलने में असमर्थ था और घर पर अकेला रहता था और खेती बाड़ी का काम करता था। उसका बेटा व पत्नी विदेश में रहते हैं। पुलिस की विभिन्न टीमों व पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पुलिस को मौके से गोलियों के खोल बरामद हुए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अज्ञात हमलवारों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, गांव बाल छप्पर निवासी 50 वर्षीय सतनाम सिंह सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव के आसपास सैर करने के लिए निकला था। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने उनके सामने बाइक रोकी और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। मृतक का बेटा और उसकी पत्नी विदेश में रहते हैं। पुलिस द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ में रंजिश की बातें सामने आ रही हैं। गांव में पहले कुछ वारदातें हुई हैं। जिससे पुरानी रंजिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। डीएसपी रजत गुलिया ने कहा कि फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### गोलियों की आवाज से खुली ग्रामीणों की नींद

ग्रामीण राजकुमार ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे वह घर में सो रहा था। इसी दौरान बाहर से धमाके की आवाजें आईं। उन्हें लगा शायद किसी के वाहन का टायर फट गया। वह तुरंत घर से बाहर निकले तो देखा कि गांव का ही सतनाम उनके घर के आगे खून से लथपथ पड़ा था। राजकुमार ने कहा कि उसके घर से बाहर निकलने से पहले हमलावर फरार हो चुके थे।

# स्कूटी सवार को बचाने में पलटी स्कीम वाली बस, 35 घायल



हरिभूमि न्यूज/जींद

पंचकूला से हिसार जा रही किलोमीटर स्कीम की बस सोमवार दोपहर को नरवाना को हरियल चौक पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार रेस्ट हाउस की दीवार तोड़कर पलट गई। इसमें चालक समेत लगभग 35 यात्री घायल हो गए, जिसमें चालक समेत आठ यात्रियों को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसा स्कूटी सवार व्यक्ति को बचाने के फेर में हुआ। इस हादसे में हाईवे की एक साइड बाधित हो गई।

# लूटने आए थे, बाइक छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

गांव मुरथल में देर रात किराना दुकानदार के घर में घुसकर चाकू की नोक पर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। नकाबपोश तीन बदमाश युवक को डराकर मोबाइल छीन ले गए। हालांकि शोर मचाने पर आरोपित अपनी बाइक मौके पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

मुरथल निवासी अमित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह गांव में ही किराना की दुकान चलाते हैं। वह 10 मई की रात करीब दो बजे घर में सो रहे थे। घर के अंदर उनकी मां रीना भी मौजूद थी। उस दौरान तीन युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुस आए और चाकू के दम पर पूछताछ करने लगे। पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर उनका मोबाइल छीन लिया। इसी बीच आवाज सुनकर उनकी मां की आंख खुल गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। एक आरोपी अपने साथी को सुनील के नाम से पुकार रहा था। घबराहट में आरोपी अपनी बाइक व चप्पल छोड़कर भाग गए। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद लूट की प्राथमिकी दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि बाइक को कब्जे में लिया गया है। कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

कार्यालय :– समग्र शिक्षा, नारनौल

समग्र शिक्षा के तहत जिला महेन्द्रगढ़ में आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन के लिए (20) स्पेशल ट्रेनिंग सैंटर चलाने के लिए शिक्षा स्वयंसेवकों (अस्थाई तौर पर) को आबंध करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से दिनांक 12.05.2026 से 20.05.2026 की सांय 05:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयनित अभ्यार्थियों को HSSPP पंचकुला के मापदंडों के अनुरूप 10,000/– प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता एवं मापदंड की जानकारी हेतु आवेदक उक्तानुसार किसी भी कार्य दिवस में जिला परियोजना संयोजक कार्यालय, समग्र शिक्षा, नारनौल (जिला महेन्द्रगढ़) में उपस्थित होकर आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं0 01282–250419, मो0 नं0 9416992084 पर संपर्क करे।

नोटः– जिले के 16 से 19 आयु वर्ग के ड्रॉप आउट बच्चों को ओपन स्कूलिंग के माध्यम से पुनः सेकेंडरी व हायर सेकेंडरी पास करवाने हेतु समग्र शिक्षा के तहत 2000/– रूपये प्रति छात्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक छात्र खंड कार्यालयों में संपर्क करें।

जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, नारनौल।

# चर्चित योगेश गोस्वामी हत्याकांड में पिता समेत दो बेटों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



योगेश गोस्वामी।

फतेहाबाद के चर्चित योगेश गोस्वामी हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल की अदालत ने हत्या के दोषी पाए गए पिता और उसके दो पुत्रों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में विनोद उर्फ विनोदी, उसका पुत्र अरुण उर्फ काकू तथा गुलशन उर्फ कन्नू शामिल हैं। अदालत ने तीनों दोषियों पर 16,500-16,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह वारदात मई 2022 में शहर के रामनिवास मोहल्ला में हुई थी। मामले में मृतक योगेश गोस्वामी के भाई नवीन कुमार की शिकायत पर पुलिस ने 24 मई 2022 को मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता नवीन कुमार के अनुसार, घटना से पहले उनके भतीजे सिद्धार्थ का आरोपियों के साथ बाजार से घर लौटते समय विवाद हुआ था। इसके बाद योगेश गोस्वामी, उनकी पत्नी पूनम और सिद्धार्थ आरोपियों के घर शिकायत करने जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गली में ही दोषियों ने परिवार को घेर लिया और लाठियों तथा चाकूनुमा हथियारों से हमला कर दिया। इसमें योगेश की मौत हो गई।

# 3 करोड़ की हेरोइन के साथ काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सीआईए फतेहाबाद की टीम ने भूना क्षेत्र में छापेमारी कर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से एक किलो 510 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 3 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। डीएसपी कुलवंत सिंह व सीआईए प्रभारी वेदपाल ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार की टीम को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, नन्हा पुत्र भोलूराम, जो मूल रूप से जिला कैथल के बडसिकरी का रहने वाला है, हेरोइन तस्करी का धंधा करता है। आरोपी भूना में शांति निकेतन स्कूल के पीछे में एक नया मकान बनवा रहा है और वह दिल्ली से भारी मात्रा में हेरोइन लेकर आया है, जिसे वह रात के समय अपने मोटरसाइकिल पर बेचने के लिए निकलने वाला है। पुलिस टीम ने ऋषि नगर, भूना में निर्माणाधीन मकान की घेराबंदी की। कुछ देर बाद एक युवक हाथ में पॉलीथिन लिए मकान से बाहर आया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह खेप दिल्ली के पीरागढ़ी निवासी राहुल नामक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। उसके खिलाफ पहले से ही पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें थाना शहर फतेहाबाद में दो, थाना भूना में एक, रोहतक के थाना बहुअकबरपुर में एक एनडीपीएस एक्ट का मामला और हिसार के सिविल लाइन थाने में प्रिजन एक्ट का मामला शामिल है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | जी.एस.के. निर्वाचन क्षेत्र, जिला रोहतक में गांव इस्माईला से कुलताना तक सम्पर्क सड़कों की सामान्य मरम्मत, आईडी :- 1821 और 12 अदद अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 15.05.2026 | अनुमोदित डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9643198066 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45026/I/88/6 दि. 11.05.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. एरिया महम में ड्रेन्स की सफाई। | बंद होने की तिथि 15.05.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45028/I/88/6 दि. 11.05.26

## हाईकोर्ट का फैसला-गुरुग्राम के सेक्टर-53 में घरों के लिए नहीं कटेगा जंगल

# हरियाली बचाने को सरकार जल्द लाएगी सख्त कानून

- निर्माण गतिविधियां रोककर ग्रीन कवर यथावत सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता के बाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

गुरुग्राम के सेक्टर-53 स्थित घने हरित क्षेत्र को बचाने की लड़ाई में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष हरियाणा सरकार ने आश्वासन दिया कि पेड़ों और हरित क्षेत्र के संरक्षण के लिए "हरियाणा प्रिजर्वेशन ऑफ ट्री एक्ट, 2026" तैयार किया जा रहा है, जिसे सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद अधिसूचित किया जाएगा। इसी आश्वासन और संबंधित स्थल पर निर्माण गतिविधियां रोककर ग्रीन कवर यथावत सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता के बाद हाईकोर्ट ने जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया।

चीफ जस्टिस शील नागू और चीफ यशवीर सिंह राठौर की खंडपीठ के समक्ष वरुण श्योकंद द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में सेक्टर-53, गुरुग्राम में समूह आवास परियोजना के लिए प्रस्तावित निर्माण से बड़े और घने पेड़ों वाले क्षेत्र को नुकसान पहुंचने का मुद्दा उठाया गया था। अदालत ने याद दिलाया कि 18 अक्तूबर 2024 के अंतरिम आदेश में इसी आशंका को देखते हुए निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) गुरुग्राम के एस्टेट आफिसर ने अदालत के समक्ष ईमेल पेश कर स्पष्ट किया कि अदालत के अंतरिम आदेश का पूरी तरह पालन किया जाएगा और घने ग्रीन कवर वाले स्थल को जैसी स्थिति में है, वैसा ही संरक्षित रखा जाएगा। इस पर अदालत ने कहा कि याचिका की पहली और सबसे महत्वपूर्ण मांग घने हरित क्षेत्र में निर्माण रोकना पूरी हो चुकी है।

### कुल क्षेत्रफल का मात्र 3.65 प्रतिशत वन क्षेत्र रह जाना गंभीर चेतावनी

हालांकि अदालत ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े व्यापक मुद्दों को खुला रखा। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को पहले से लंबित 'सुनील कुमार शर्मा बनाम भारत संघ' जनहित याचिका में हस्तक्षेप की स्वतंत्रता देते हुए कहा कि हरियाणा और पंजाब में ग्रीन कवर संरक्षण से जुड़े अन्य व्यापक प्रश्न वहां उठाए जा सकते हैं। अदालत ने सुनवाई में कहा था कि राज्य का वन क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 3.65 प्रतिशत रह जाना गंभीर चेतावनी है और सरकारी तंत्र न तो पर्याप्त गंभीर दिख रहा है, न ही संभावित पर्यावरणीय संकट के प्रति सजग। अदालत ने इसे "कड़े उपचारात्मक कदमों" की जरूरत वाला मामला बताया था। इसी क्रम में हाईकोर्ट ने हरियाणा में किसी भी आयु या प्रजाति के पेड़ की कटाई पर अपनी अनुमति के बिना रोक लगा दी थी।

सीडैक CDAC
सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का एक प्रमुख अनुसंधान संगठन, जो आईसीटी थिमेटिक क्षेत्रों के एक विस्तृत स्पेक्ट्रम विस्तृत क्षेत्र में आर एवं डी का कार्य करता है)
सी–56/1, अनुसंधान भवन, सेक्टर–62, नोएडा–201309

वॉक-इन-इंटरव्यू

सी–डैक नोएडा राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने के लिए अनुबंधात्मक आधार पर तकनीकी विशेषज्ञों की तलाश कर रहा है। निम्नलिखित पदों में ई–गवर्नेंस सम्बन्धित प्रोजेक्ट्स के लिए कार्य करने का एक अवसर :-

| वॉक–इन तिथियां | पद का नाम | डोमेन | पदों की सं. |
|---|---|---|---|
| 23.05.2026 और 30.05.2026 (शनिवार) | प्रोजेक्ट मैनेजर (न्यूनतम 9 वर्ष का अनुभव) | प्रोजेक्ट मैनेजमेंट (जे2ईई डोमेन) | 05 |
| | सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर (न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव) | डेवलपर (जे2ईई डोमेन) | 10 |

उम्मीदवारों से आग्रह है कि विस्तृत अधिसूचना, पात्रता, पारिश्रमिक और अन्य नियम व शर्तों के लिए हमारी वेबसाइट– www.cdac.in पर पधारें। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों से उपरोक्त निर्धारित तिथियों को वॉक–इन–इंटरव्यू के लिए उपस्थित होने का आग्रह किया जाता है।
**स्थान** : सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी–डैक), एकेडमिक ब्लॉक, बी–30, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309.
पंजीकरण समय – पूर्वा. 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक केवल
CBC-06130/12/0001/2627


ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
ALLEN
ROHTAK
जब ड्रीम मेडिकल कॉलेज
हो Destination,
करो ALLEN के साथ सही Preparation
506 Students selected in AIIMS through NEET-UG 2025
13 All India Rank 1 in last 16 years in pre-medical entrance exam
AIIMS Jammu 17
AIIMS Bilaspur (HP) 13
AIIMS Bathinda 18
AIIMS Delhi 43
AIIMS Rishikesh 24
AIIMS Jodhpur 47
AIIMS Gorakhpur 40
AIIMS Raebareli 26
BHU Varanasi 34
AIIMS Patna 36
AIIMS Guwahati 31
AIIMS Bhopal 36
AIIMS Rajkot 6
AIIMS Deoghar 30
AIIMS Raipur 36
AIIMS Kalyani 24
AIIMS Nagpur 38
AIIMS Bhubaneswar 21
AIIMS Mangalagiri 2
AIIMS Bibinagar 14
JIPMER Puducherry 23
AIIMS Madurai 4
ALLENites selected in top medical colleges through NEET (UG) 2025
Note: Map not to scale. Dimensions and locations are approximate and for identification purposes only.
They made it happen with ALLEN. Now it's your turn.
Rudhi N. Khatua — AIIMS, Bhubaneswar — AIR 227807 (2024), AIR 306 (2025)
Deepak Kumar — ABVIMS, New Delhi — AIR 29890 (2024), AIR 402 (2025)
Samarth Sharma — AIIMS, Bhopal — AIR 103252 (2024), AIR 409 (2025)
Sanskar Sahu — AIIMS, Jodhpur — AIR 62157 (2024), AIR 422 (2025)
Ronak — SMS MC, Jaipur — AIR 28807 (2024), AIR 445 (2025)
Rajat — AIIMS, Jodhpur — AIR 85699 (2024), AIR 485 (2025)
Shubham Kr. Jha — AIIMS, Bhopal — AIR 46214 (2024), AIR 490 (2025)
Priyanshu Aanand — AIIMS, Rishikesh — AIR 26148 (2024), AIR 588 (2025)
Hariom Malav — AIIMS, Jodhpur — AIR 31622 (2024), AIR 603 (2025)
Palak Kumari — AIIMS, Jodhpur — AIR 25939 (2024), AIR 606 (2025)
*Graph not to scale
...and many more success stories
ALLEN MEGA ADMISSION CARNIVAL
ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 6TH TO 12TH & 12TH PASS
NEW BATCHES FROM 18 MAY ONWARDS
Attention! Get up to 90%* Scholarship based on NEET 2026 rank/score. *T&C Apply.
SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
Test Dates 17 & 24 MAY
For test dates & course start dates visit website or nearest centre. *Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN ROHTAK
70560 64114, 82229 22055
allen.ac.in/rohtak
ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of full-time, paid classroom courses.

**साझा करने का विज्ञान**
डॉ. अच्युत सामंत



# देने का सुखः जो इंसान को भीतर से पूर्ण बना देता है

एक प्रश्न है, जिसने सदियों से दार्शनिकों, संतों और वैज्ञानिकों को समान रूप से सोचने पर मजबूर किया है। प्रश्न इतना सरल है कि कोई बच्चा भी पूछ सकता है आख़िर देने से अच्छा क्यों लगता है? यह अच्छा लगना वैसा नहीं है जैसा कुछ पाने पर होता है। पाने का सुख क्षणिक होता है। वस्तु मिलते ही उसका आकर्षण धीरे-धीरे कम होने लगता है, लेकिन देने से जो अनुभूति होती है, वह बिल्कुल अलग होती है। वह एक शांत, स्थायी और गहरी ऊष्मा होती है, जो लंबे समय तक मन में बनी रहती है। ऐसा संतोष जो बदले में कुछ नहीं मांगता, और आश्चर्य यह कि जो हमें खाली नहीं बल्कि और अधिक पूर्ण बना देता है। हर सभ्यता ने इस प्रश्न का उत्तर खोजने की कोशिश की है, और लगभग हर सभ्यता एक ही निष्कर्ष पर पहुँची है। भागवत गीता इसे निष्काम कर्म कहती है फल की इच्छा के बिना कर्म करना। दो, और फिर उसे छोड़ दो। श्रीकृष्ण कहते हैं—फल तुम्हारा अधिकार नहीं, कर्म तुम्हारा अधिकार है। और देने का कर्म अपने आप में पूर्ण है। गौतम बुद्ध ने तो उदारता यानी दान को ध्यान, अनुशासन और ज्ञान से भी पहले रखा। क्योंकि जो हाथ केवल संग्रह करना जानते हैं, वे ध्यान नहीं कर सकते। जो हृदय हर चीज़ से चिपका रहता है, वह कभी शांत नहीं हो सकता। उदारता कोई ऐसा गुण नहीं जो ज्ञान प्राप्ति के बाद आता हो; वह तो वह द्वार है जिससे ज्ञान भीतर प्रवेश करता है। साझा करना कोई विशेष उदारता नहीं; यह उस संतुलन की पुनर्स्थापना है जिसे संग्रह करने की प्रवृत्ति ने बिगाड़ दिया है। और अब, इन शिक्षाओं के लगभग ढाई हजार वर्ष बाद, आधुनिक विज्ञान भी उसी निष्कर्ष तक पहुँच गया है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ के शोध बताते हैं कि जब कोई व्यक्ति दूसरों को कुछ देता है, तो मस्तिष्क का वही भाग सक्रिय हो जाता है जो भोजन, संगीत या प्रिय व्यक्ति के चेहरे को देखकर सक्रिय होता है। मार्टिन सेलिंगमैन ने अपने शोध में पाया कि उदारता मानव जीवन की स्थायी प्रसन्नता का सबसे विश्वसनीय आधार है। प्राचीन लोग यह सब बिना प्रयोगशालाओं के जानते थे। उन्होंने जीवन को देखा और समझा। उन्होंने उस किसान को देखा जो अपना अनाज बाँटता था और पाया कि उसके खेत कभी सूखे नहीं। उन्होंने उस माँ को देखा जो पूरे मोहल्ले के बच्चों को खिलाती थी और पाया कि उसके अपने बच्चे कभी भूखे नहीं रहे। उन्होंने उस साधु को देखा जिसके पास कुछ नहीं था, फिर भी उसे किसी चीज़ की कमी नहीं थी। और उन्होंने निष्कर्ष निकाला साझा करने से कुछ घटता नहीं, बल्कि बढ़ता है। वही भावना आगे चलकर कीट बनी पाँच हजार रुपये और दो किराए के कमरों से शुरू हुआ एक विश्वविद्यालय। वही भावना कीस बनी अस्सी हजार आदिवासी बच्चों का घर और विद्यालय। और 2013 में वही भावना 'आर्ट आफॅ गिविंग' बन गई। 'आर्ट आफॅ गिविंग' कोई संगठन नहीं, बल्कि एक अनुभूति है। यह समझ कि देने की इच्छा हर मनुष्य के भीतर पहले से मौजूद है। वह उस दादी में है जो सुबह पक्षियों को दाना खिलाती है। उस ऑटो चालक में है जो बुजुर्ग यात्री से किराया नहीं लेता। उस छात्र में है जो अपने कमजोर सहपाठी को पढ़ाने के लिए रुक जाता है। यह भावना हर जगह है; उसे केवल अभिव्यक्ति की अनुमति चाहिए।




अंतर-मंत्रालयी बैठक के बाद विभाग ने कहा

# खरीफ बुवाई के लिए उर्वरक का भंडार पर्याप्त, घबराएं नहींः केंद्र

**सरकार घरेलू उत्पादन की पूर्ति सुनिश्चित करेगी**

**यूरिया के साथ अन्य उर्वरकों का आयात कर रही सरकार**

**उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य स्थिर बने हुए है**

*केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि देश में उर्वरकों का 'पर्याप्त' भंडार है। साथ ही किसानों से अपील की कि वे घबराकर खरीदारी न करें। पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने कहा कि सरकार घरेलू उत्पादन की पूर्ति के लिए और आगामी खरीफ मौसम के दौरान पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यूरिया के साथ-साथ अन्य उर्वरकों का आयात कर रही है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शर्मा ने कहा कि प्रमुख उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) स्थिर बने हुए हैं। शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकारें उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने एवं अत्यधिक इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए प्रयासरत हैं। राज्य सरकारें जमाखोरी पर अंकुश लगाने और व्यावसायिक उपयोग के लिए उर्वरक तत्वों के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई कर रही हैं।

### भंडार सामान्य स्तर से काफी अधिक

अतिरिक्त सचिव ने कहा, '' भारत की उर्वरक सुरक्षा आरामदायक और सुव्यवस्थित बनी हुई है।'' शर्मा ने कहा, '' उर्वरक विभाग की ओर से यह बताया जाता है कि खरीफ 2026 के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुमाति आवश्यकता के मुकाबले भंडार 51 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि यह भंडार सामान्य स्तर (करीब 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है।

### उर्वरकों की कुल आवश्यकता 390.54 लाख टन आंकी गई

कृषि विभाग ने खरीफ 2026 के लिए उर्वरकों की कुल आवश्यकता 390.54 लाख टन आंकी है। उन्होंने कहा, उर्वरकों का भंडार पर्याप्त है और प्रमुख उर्वरकों के एमआरपी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।''संकट काल के बाद घरेलू उत्पादन 76.78 लाख टन और आयात 19.94 लाख टन रहा है।

### साप्ताहिक समीक्षा जारी है

इससे अगले 15-20 दिन में शुरू होने वाले सबसे अधिक मांग के समय में पर्याप्त उपलब्धता बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह इस स्थिति की साप्ताहिक समीक्षा कर रहा है।



### घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा

उर्वरक विभाग ने पिछले सप्ताह जानकारी दी थी कि मार्च-अप्रैल के दौरान घरेलू उत्पादन 67.76 लाख टन रहा है। इसमें यूरिया (40.72 लाख टन), डीएपी (5.39 लाख टन), एनपीके (13.65 लाख टन) और एसएसपी (आठ लाख टन) शामिल हैं।

### *97 लाख उर्वरक की उपलब्धता बढ़ी है*

*शर्मा ने जानकारी दी, '' इस प्रकार कुल 97 लाख टन उर्वरक की उपलब्धता बढ़ी है।''शर्मा ने बताया कि भारत ने वैश्विक स्रोतों से सात लाख टन 'एनपीके कॉम्प्लेक्स' सुरक्षित किए हैं। इसके अलावा, देश के लिए 12 लाख टन डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट), चार लाख टन ट्रिपल सुपर फॉस्फेट और तीन लाख टन अमोनियम सल्फेट भी सुनिश्चित किए गए हैं।*

# रिलायंस फाउंडेशन के प्रयासों से 3 हजार गांवों में बदला जीवन

**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन ने ग्रामीण विकास पर दस वर्षों के कार्य का एक बड़ा अध्ययन जारी किया है। इस अध्ययन में देश के चार राज्यों के 3 हजार गांवों में हुए बदलावों का आकलन किया गया है। अध्ययन में बताया गया है कि मजबूत स्थानीय संस्थाओं, लोगों की भागीदारी और मिलकर किए गए प्रयासों से गांवों में आजीविका और जीवन स्तर में सुधार हुआ है। यह अध्ययन ओडिशा के बलांगीर, मध्य प्रदेश के मंडला, आंध्र प्रदेश के आदोनी और गुजरात के राधनपुर क्षेत्रों में किए गए कार्यों पर आधारित है। इसमें 2,100 से अधिक परिवारों के जीवन में आए बदलावों को समझा गया। नई दिल्ली में आयोजित चर्चा में नीति विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और विकास कार्यों से जुड़े लोगों ने आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण पर विचार-विमर्श किया। ओआरएफ के उपाध्यक्ष डॉ. नीलांजन घोष ने कहा कि



ग्रामीण विकास के लिए स्थानीय जरूरतों के अनुसार काम करना जरूरी है। वहीं रिलायंस फाउंडेशन के मुख्य विकास अधिकारी सुदर्शन सुची ने कहा कि गांव तब आत्मनिर्भर बनते हैं जब लोग मिलकर समाधान तैयार करते हैं और स्थानीय संस्थाएं मजबूत होती हैं। अभिनव सेन ने कहा कि आंकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और लोगों की भागीदारी के जरिए ग्राम पंचायतों को और मजबूत बनाया जा सकता है। चर्चा में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल तकनीकों के जिम्मेदार उपयोग पर भी जोर दिया गया।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Dr. Monika Khanagwal**
**Additional Civil Judge (Senior Division),**
**Hawa Singh**
**Vs.**
**Manjeet**
**CNR No. HRJR02-001385-2022**
**Next Date:- 28-07-2026**
**For grant of Succession Certificate**
**PUBLICATION ISSUED TO :**
**Proforma Def. No.2 Saroj W/o Dalbir S/o Gugan**
**3. Nishi D/o Dalbir S/o Gugan**
**4. Kirti D/o Dalbir S/o Gugan**
**All R/o Village Bahu Akbarpur, Panna Devraj Dhola, near Shisa wala Chopal, Tehsil and district Rohtak**

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on **28-07-2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod.=district_notice&district=Jhajjar*

**Sd/- (Dr. Monika Khanagwal)**
**Additional Civil Judge (Senior Division), Jhajjar**
Dated, this day of 07-05-2026

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sagar Sharma
**Civil Judge (Junior Division), Ganaur**
**MANOJ KUMAR**
**VS.**
**RAJENDER ETC.**
**C.M. No. 55 of 2025**
**CNR No. HRSOA0-000568-2025**
**Next Date:- 03-08-2026**
**Suit for Possession by way of Partition with consequential relief of Permanent Injunction**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
**1.RAJENDE SON OF MANGA**
**2. SMT. CHAMPA WIDOW OF MANGA**
**9. MONU SON OF LATE BHAN SON OF MANGA**
**ALL RESIDENT OF VILLAGE BARI TEHSIL GANAUR DISTRICT SONIPAT.**

In above tided case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **03-08-2026 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

**Sd/-**
**Civil Judge (Junior Division) Ganaur**
**Dated, this day of 06-05-2026**

IN THE COURT OF DR.AMAN INDER SINGH, CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION). KAITHAL.
PUBLICATION
C.I.S. No. SUCC/011/2026
Date of Institution: 02.01.2026
CNR No.HRKH02-0000573-2026
Next Date of Hearing: 01.07.2026 at 10:00 A.M.
Palo Devi widow of Ram Kumar, resident of Rasulpur road, Village Kawartan, Tehsil and Distt Kaithal ....Petitioner
Vs
1) General Public
2) Bank of Baroda, Branch Park road, Near Kirti Hospital, Kaithal
3) Rambhagat, 4) Jassa Singh sons of Ram Kumar R/o Village Kawartan Distt Kaithal.
5) Meena w/o Sunil R/o Village Sega, Tehsil and Distt Kaithal ....Respondents

**Petition for grant of succession certificate u/s 372 of Indian Succession Act**

Whereas in the above noted petition, it has been proved to the satisfaction of this Court that the above named Respondent i.e. No 1) General Public, can not be served in ordinary way of process. Hence, this publication notice is hereby issued against the above noted Respondent i.e. No. 1) General Public. If he/she/they want to contest this petition he/she/they should appear in this court on 01.07.2026 at 10:00 A.M. personally or through duly instructed agent/pleader, failing which an exparte proceeding shall be taken against him/her/them

Given under my hand and seal of the Court on dated 11th May. 2026.

Sd/-(Dr.Aman Inder Singh)
Civil Judge (Sr.Divn.
11.05.2026

**अखबार प्रकाशन**

न्यायालय मान्यवर श्रीमान् उपमण्डल अधिकारी (ना) साधिकार कलैक्टर, सिरसा।

1-श्रीमति सतवन्ती विधवा कंवर भान पुत्र श्री दित्तू राम 2-सहदेव कुमार पुत्र श्री कंवर भान पुत्र श्री दित्तू राम 3-धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री कंवर भान पुत्र श्री दित्तू राम सभी निवासीगण 124, न्यू अनाज मण्डी, सिरसा, तहसील व जिला सिरसा। .... प्रार्थीगण

बनाम

अमर चन्द पुत्र वसू राम पुत्र पुनु राम निवासी पानीपत जिला पानीपत हाल निवासी गांव सिकन्दरपुर तहसील व जिला सिरसा। .... उत्तरवादी

दरखास्त फकुल रहन बाबत भूमि तादादी 8 कनाल 0 मरला बातफसील खेवट नम्बर 602 खतौनी नम्बर 747 मुरबा नम्बर 102 किला नम्बर 7(8-0), वाका मौजा सिकन्दरपुर, तहसील व जिला सिरसा, जो बजरिया रजिस्ट्री रहन नामा नम्बर 382 दिनांक 22-4-1982 बदले मुबलिग 5,500/- रूपये में जो बिला कब्जावार उत्तरवादी के पास रहन है, बाहक प्रार्थीगण बदले मुबलिग 5,500/-रूपये फक करने हेतु हर प्रकार की लिखित एवं मौखिक साक्षी के आधार पर।

342 पेशीः 08-05-26

सेवा में

अमर चन्द पुत्र वसू राम पुत्र पुनु राम निवासी पानीपत जिला पानीपत हाल निवासी गांव सिकन्दरपुर तहसील व जिला सिरसा।

आप को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण ने उपरोक्त दरखास्त इस न्यायालय में दायर करके अनुरोध किया है कि प्रार्थीगण उपरोक्त भूमि के मालिक हैं जो भूमि आप के पास रहन है। आपकी साधारण तरीके से तामील नहीं हो रही है इसलिए बजरिया अखबार इश्तहार द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अब दिनांक 15.5.2026 को हाजिर आकर असलतन या बकालतन अपना पक्ष पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद आप के विरुद्ध इस न्यायालय द्वारा यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 24.4.2006 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रांक सहित जारी किया गया।

हस्ता/-उपमण्डल अधिकारी (ना) साधिकार कलैक्टर, सिरसा।

# ईरान के शांति प्रस्ताव को ट्रंप ने ठुकराया, सोना 600 रुपये टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को ठुकराने के बाद यह गिरावट आई है। अमेरिका द्वारा ईरान की प्रतिक्रिया ठुकराने के बाद पश्चिम एशिया में फिर से संघर्ष शुरू होने का डर बढ़ गया और कच्चे तेल की कीमतें ऊपर चली गई हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये टूटकर 1,55,300 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। यह शुक्रवार के बंद भाव 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। हालांकि, चांदी की कीमतों में 3,700 रुपये या 1.42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 2,65,000 रुपये (सभी टैक्स मिलाकर) प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछली सत्र में चांदी 2,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेमन मार्केट डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा कि चांदी में थोड़ी तेजी देखने को मिली, जिसे आने वाले शादी-विवाह के मौसम के बीच खुदरा मांग में स्थिरता से फायदा मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक टूटकर 4,661.68 डॉलर प्रति औंस रह गया, और चांदी भी मामूली गिरावट के साथ 80.28 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोना थोड़ा कमजोर रहा, क्योंकि बाजारों ने अमेरिका-ईरान शांति प्रस्तावों से जुड़े नकारात्मक घटनाक्रमों पर सावधानी से प्रतिक्रिया दी।

# सेंसेक्स 1,313 अंक टूटा, पीएम की अपील से निवेशक चिंतित

**मुंबई, (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसक्स 1,313 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। अमेरिका और ईरान के शांति समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहने के बाद कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,312.91 अंक यानी 1.70 प्रतिशत टूटकर 76,015.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,370.79 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 360.30 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,815.85 अंक पर बंद हुआ। पिछले बृहस्पतिवार से शुरू तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,950 अंक यानी 2.5 प्रतिशत टूटा है जबकि निफ्टी 515 अंक यानी दो प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नये शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। इससे पश्चिम एशिया में संकट दूर करने के लिए राजनयिक सफलता की उम्मीद फिलहाल कमजोर हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मितव्ययिता की अपील ने विदेशी मुद्रा भंडार, ईंधन की कीमतों और उपभोग के दृष्टिकोण को लेकर निवेशकों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन के शेयर में सबसे ज्यादा सात प्रतिशत की गिरावट आई। इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, इटर्नल और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

**मार्केट न्यूज**

# बिजनेसमैन डा. संजीव जुनेजा को मिला "एक्सीलेंस इन ब्रांड बिल्डिंग एंड कंज्यूमर ट्रस्ट" अवार्ड

**WPO अवॉर्ड्स 2026 में बिजनेस टाइकून संजीव जुनेजा को मिला प्रतिष्ठित सम्मान**

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गनाइजेशन द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल में भव्य वैसाखी अवॉर्ड्स 2026 समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी के बीच उद्योगपति एवं एसबीएस



बायोटेक के संस्थापक डा. संजीव जुनेजा को ''एक्सीलेंस इन ब्रांड बिल्डिंग एंड कंज्यूमर ट्रस्ट'' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारतीय उद्योग में उनके उत्कृष्ट योगदान, सशक्त ब्रांड निर्माण और उपभोक्ताओं के बीच अटूट विश्वास कायम करने के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य समारोह डब्ल्यूपीओ के इंटर नेशनल प्रेसिडेंट एवं राज्य सभा सांसद डा. विक्रमजीत सिंह साहनी (पद्मश्री) के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसके अलावा कई गणमान्य अतिथि, वरिष्ठ उद्योगपति, सामाजिक कार्यकर्ता, कलाकार और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी इस अवसर पर शामिल हुए। समारोह के दौरान उद्योग, व्यापार, सिनेमा, खेल, मीडिया, फैशन, सामाजिक सेवा और वैश्विक व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्ष्ट कार्य करने वाले अनेक नामचीन लोगों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल उपलब्धियों का सम्मान था, बल्कि पंजाबी संस्कृति, विरासत और वैश्विक पहचान का एक भव्य उत्सव भी रहा। इस अवसर पर डा. विक्रमजीत सिंह साहनी ने अपने संबोधन में कहा कि वैसाखी केवल एक पर्व नहीं है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | |
|---|---|
| एन आई टी | 03, 08 & 09 2025-26-डब्ल्यू.-IV |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 03. ADEN/ROK खंड में SSE/W/BGZ के अंतर्गत आने वाले MGLP, MQC, NNO स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, पानी के बूथ, शौचालय और साइनबोर्ड की मरम्मत। |
| | 08. दिल्ली डिवीजन (10000 और 20000 के बीच स्थित टीवीयू) में गैर–इंटरलॉक एलसी गेटों पर गेट सिग्नलिंग के लिए पूर्वनिर्मित रिले हट की व्यवस्था। |
| | 09. दिल्ली डिवीजन में 20000 से अधिक टीवीयू वाले क्षेत्रों में 18 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग के साथ पूर्वनिर्मित विज्ञान और प्रौद्योगिकी भवन का प्रावधान। |
| काम की अनुमानित लागत(₹) | 03. ₹1,50,00,185.88 08. ₹6,64,96,404.56 09. ₹4,86,23,687.61 |
| अग्रिम राशि(₹) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा) |
| | 03. ₹3,00,000/- 08. ₹13,29,900/- 09. ₹9,72,500/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 03. 06 महीने 08. 09 महीने 09. 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 20.05.2026 को 15:00 बजे तक तथा 03.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.इस. वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

No.: 128-W/280/OET/2025-26/W-IV/03, 08 & 09 Dated: 11.05.2026 1574/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# रुपया 82 पैसे टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 डॉलर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** रुपया सोमवार को 82 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 95.31 (अस्थायी) पर आ गया। अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खारिज करने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नागरिकों से सोना खरीदने से बचने और मितव्ययिता उपायों को अपनाने का आग्रह करने से बाजार की धारणा और कमजोर हो गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख और विदेशी पूंजी की भारी निकासी ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.97 पर खुला। दिन में 94.87 से 95.34 प्रति डॉलर के बीच कारोबार करता रहा। अंत में यह अबतक के सबसे निचले स्तर 95.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 82 पैसे की भारी गिरावट है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में पांच फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक वृद्धि से जुड़ी चिंताओं के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में अप्रैल माह के दौरान 38,440 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया जो मार्च के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कम है। उद्योग निकाय एम्फी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से किया जाने वाला मासिक योगदान भी घटकर 31,115 करोड़ रुपये रह गया, जबकि मार्च में यह 32,087 करोड़ रुपये था। म्यूचुअल फंड उद्योग में समग्र रूप से अप्रैल के दौरान 3.22 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया।

**NOTICE**

I, SHIVALIK, S/o – SH. MANJIT, R/O– Present Address: 308, Priti Enclave, Rajesh Tower Road, Gotri, Vadodara – 390023, Gujarat. Permanent Address: 1960, Urban Estate, Jind, Haryana – 126102, hereby declare that SHIVALIK S/o SH. MANJIT SINGH and SHIVALIK S/o SH. MANJIT are the same and one identical person vide Affidavit dated 09/05/2026 and shall be known as SHIVALIK S/o SH. MANJIT for all future purposes.

## शब्द पहेली - 6223




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

### शब्द पहेली- 6222 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | व | र | दा | न | | म | क | स | द | |
| म | | | न | | अ | | ल | | | नि |
| न | | व्य | व | हा | र | कु | श | ल | | य |
| मा | न | व | | | दा | | | कि | म | त |
| नी | | था | | आ | स | न | | र | न | |
| | र | | हा | रा | | ह | त्या | | का | |
| | क | वि | | म | क | र | | क | | रा |
| ह | म | ला | | | ल | | | म | वे | शी |
| वे | | प | र | व | र | दि | गा | र | | फ |
| ली | | | स | | व | | य | | | ल |
| | र | ह | म | त | | घ | ब | रा | ना | |



पार्टी प्रमुख पलानीस्वामी के खिलाफ विद्रोह होने के संकेत भी दिखाई दे रहे

# टीवीके को समर्थन देने के मुद्दे पर अन्नाद्रमुक में टूट का खतरा

भाषा ▶▶| चेन्नई



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में हार के बाद ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के विधायकों के सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को समर्थन देने के मुद्दे पर विभाजित होने से पार्टी में आतंरिक मतभेद पैदा हो गया है, जबकि पार्टी प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के खिलाफ विद्रोह होने के संकेत भी दिखाई दे रहे हैं। राज्य विधानसभा की कुल 234 में से 167 सीट पर चुनाव लड़ने वाली अन्नाद्रमुक केवल 47 सीट ही हासिल कर सकी। चुनावी नतीजों के बाद पार्टी महासचिव पलानीस्वामी की अध्यक्षता में विधायकों की कई बैठकें आयोजित की गईं। अन्नाद्रमुक सूत्रों के अनुसार, जहां पार्टी का एक गुट सरकार गठन में टीवीके को समर्थन देने का कड़ा विरोध कर रहा था, वहीं दूसरे गुट ने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी को बाहर से समर्थन देने की वकालत की। कुछ विधायकों ने पार्टी के खराब चुनावी प्रदर्शन के मद्देनजर पलानीस्वामी से पद छोड़ने की भी मांग की। सी. वे षणमुगम और एसपी वेलुमणि सहित कई वरिष्ठ नेताओं तथा पूर्व मंत्रियों के साथ ही उनके समर्थक विधायकों ने पलानीस्वामी की अध्यक्षता में हुई बैठकों में भाग नहीं लिया। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि षणमुगम, वेलुमणि और उनके समर्थकों ने टीवीके का समर्थन करने में रुचि दिखाई है।

### अन्नाद्रमुक में किसी तरह का संकट नहीं पार्टी को कोई नहीं तोड़ सकता : सुबाया

*अन्नाद्रमुक के विधायक एसाक्की सुबाया ने पार्टी में किसी तरह के संकट की खबरों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि पार्टी पूरी तरह एकजुट है और जनकल्याण के लिए काम कर रही है।*



*तमिलनाडु विस सत्र के पहले दिन संवाददाताओं से बातचीत में अंबासमुद्रम से विधायक एवं पूर्व मंत्री सुबाया ने पार्टी के भीतर असंतोष की अटकलों को खारिज किया।*

### विजय ने स्टालिन से मुलाकात की

*चेन्नई(भाषा)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को अपने पूर्ववर्ती एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम. के. स्टालिन से यहां स्थित अलवरपेट स्थित आवास पर मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी।*

### अन्नाद्रमुक के सदस्य विधायकों के शपथ ग्रहण में दो समूहों में पहुंचे

चेन्नई (भाषा)। अन्नाद्रमुक के नव निर्वाचित सदस्य सोमवार को 17वीं तमिलनाडु विस शपथ ग्रहण समारोह में दो समूहों में आए, चुनाव के बाद पार्टी में मतभेद का संकेत मिलता है। पूर्व राज्य मंत्रियों मुनुसामी व थलवई सुंदरम सहित नवनिर्वाचित विधायकों का एक समूह विधायक पद की शपथ लेने के लिए पार्टी महासचिव पलानीस्वामी के साथ विधानसभा पहुंचा। कुछ ही समय बाद पूर्व राज्य मंत्री वेलुमणि के नेतृत्व में और पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के साथ एक अन्य समूह वहां पहुंचा। पूर्व मंत्री शनमुगम समय पर नहीं पहुंच सके।

# केरल में सीएम पद को लेकर कांग्रेस में खींचतान जारी वरिष्ठ नेताओं को बुलाया दिल्ली, आज फैसला संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केरल विधानसभा चुनाव के नतीजे आए एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन कांग्रेस अब तक मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं कर पाई है। लगातार हो रही देरी के बीच कांग्रेस ने पार्टी आलाकमान ने राज्य के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क तेज कर दिया है। सीएम पद की इसी खींचतान को सुलझाने और आम सहमति बनाने के लिए पार्टी आलाकमान ने के. सुधाकरन समेत राज्य के कई वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है। जिससे अगले मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति बन सके। सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने एक प्रस्ताव पास कर अंतिम फैसला मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी पर छोड़ दिया है।

### विधायकों ने आलाकमान के पाले में डाली गेंद

केरल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया गया है। के. सुधाकरन देर रात दिल्ली पहुंचेंगे। अन्य नेता भी दिल्ली आ रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सोमवार को के. मुरलीधरन और मुल्लापल्ली रामचंद्रन से संपर्क किया गया है। राज्य के सभी नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों ने मिलकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है और अपनी तरफ से गेंद आलाकमान के पाले में डाल दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की केरल प्रभारी दीपा दासमुंशी ने जानकारी दी है कि सभी कांग्रेस विधायकों ने एक पंक्ति के प्रस्ताव (वन-लाइन रेजोल्यूशन) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस प्रस्ताव के जरिए विधायकों ने राज्य के नए मुख्यमंत्री का चुनाव करने का पूरा अधिकार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व यानी हाईकमान को सौंप दिया है। इसका सीधा मतलब यह है कि अब विधायक दल की तरफ से मुख्यमंत्री के नाम को लेकर कोई आपसी खींचतान या विवाद नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### आज असम में सीएम पद की शपथ लेंगे हिमंता

**गुवाहाटी।** असम में हिमंता बिस्वा सरमा 12 मई सुबह 11 बजे सीएम पद की शपथ लेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और एनडी शासित राज्यों के सीएम इस समारोह में शामिल होंगे। शपथ लेने के बाद, पहली कैबिनेट बैठक होगी। जिसमें घोषणापत्र के अहम बिंदुओं को लागू किया जाएगा।

### पंजाब भाजपा के दो ऑफिसों पर हमला

**मोहाली।** पंजाब में भाजपा के दो ऑफिसों में हंगामा और तोड़फोड़ हुई। मोहाली के जीरकपुर में 5 नकाबपोश युवक भाजपा ऑफिस में घुस गए और दीवारों व पोस्टरों पर इंक फेंककर हंगामा किया। आरोप है कि युवकों ने भाजपा नेता गुरदर्शन सैनी की तस्वीर पर भी इंक फेंकी। घटना के दौरान ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी कुछ देर बाद मौके से फरार हो गए।

### तृणमूल नेता सुब्रत घर में गिरने से लगी चोट

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुब्रत बख्शी सोमवार को अपने घर में गिर गए, जिससे उनके सिर में चोट आई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। बख्शी को तुरंत कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह-सुबह स्नानघर में उनका पैर फिसल गया और वह गिर पड़े, जिससे सिर पर गंभीर चोट लग गई।

## टीएमसी ने विस चुनाव में हार के लिए एसआईआर को ठहराया जिम्मेदार

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

कहा- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत हटाए गए लाखों मतदाताओं के नामों ने चुनाव नतीजों को प्रभावित किया है। 31 सीटों में जीत का अंतर हटाए गए वोटरों से कम था और 35 लाख अपीलें अभी लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य व्यक्ति अपने इन दावों के संबंध में नयी याचिकाएं दायर कर सकते हैं कि राज्य में हाल में हुए चुनाव में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जीत का अंतर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हटाए (डिलीट किए) गए वोटों की तुलना में कम रहा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के इस आरोप के बाद की कि 31 सीट पर जीत का अंतर 'डिलीट' किए गए मतों के मुकाबले कम रहा।

हार 862 वोटों से हुई, जबकि उस सीट पर 5000 से ज्यादा वोटर कम हुए

तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनाव में कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख

### नई याचिकाएं लगाएं



### टीएमसी ने लगाए आरोप

टीएमसी का आरोप है कि इसमें से 27 लाख से अधिक नाम तार्किक विसंगतियों के नाम पर बिना ठोस कानूनी आधार के हटा दिए गए। पार्टी का कहना है कि इसी वजह से बंगाल चुनाव के नतीजों पर असर पड़ा है। टीएमसी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि कम से कम 31 विधानसभा सीटों में जीत का अंतर उन मतदाताओं की संख्या से कम था, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान हटा दिए गए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक टीएमसी उम्मीदवार केवल 862 वोटों से हारा, जबकि उस क्षेत्र में 5,000 से अधिक नाम हटाए गए थे। ममता बनर्जी ने कहा कि इसका चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे राज्य में टीएमसी और भाजपा के बीच वोट अंतर लगभग 32 लाख वोटों का है, जबकि 35 लाख से अधिक अपीलें अभी भी लंबित हैं, जो मतदाता हटाने के खिलाफ दाखिल की गई हैं।

### सुको ने मामले पर संज्ञान लिया

सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमल्या बगची शामिल थे, ने कहा कि यदि हार का अंतर हटाए गए मतदाताओं की संख्या से कम है तो प्रभावित पक्ष उचित आवेदन दाखिल कर सकते हैं। इस निर्णय को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया था कि संकीर्ण जीत वाले चुनाव और मतदाता हटाने से जुड़े मामले न्यायिक समीक्षा के योग्य हो सकते हैं।

### अपील और प्रक्रिया में देरी

टीएमसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने अपील प्रणाली में देरी की चिंता जताई। उनका कहना था कि वर्तमान गति से अपीलीय न्यायाधिकरणों को पेंडिंग मामलों को निपटाने में लगभग चार साल लग सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि वर्तमान प्रणाली को मजबूत करना और प्रक्रियात्मक सुधार करना आवश्यक है, ताकि न्याय समय पर मिल सके।

### बंगाल में मंत्रियों को विभाग बांटे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की नई सरकार में सोमवार को मंत्रालयों का बंटवारा किया गया है। निषिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया है। दिलीप घोष को ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास, कृषि विपणन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय विभाग दिए गए हैं। अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति, सहकारिता मंत्रालय दिया गया है। क्षुदिराम टूडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सीएम सुवेंदु अधिकारी गृह मंत्रालय समेत अन्य सभी मंत्रालयों को संभालेंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने आईएएस अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को राज्य का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया है।

- गृह मंत्रालय शुभेदु ने रखा दिलीप घोष को पंचायतीराज, अग्निमित्रा को महिला-बाल विकास, निषिथ को युवा कल्याण विभाग दिया

## लोगों के रोंगटे खड़े हो गए



### तेलंगाना में दर्दनाक हादसा

# सुपर बाइक ने मारी कार को टक्कर, पांच लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

महबूबनगर जिला मुख्यालय में एक भयानक सड़क हादसा हुआ है। शहर के बाईपास रोड पर पालकोंडा जंक्शन के पास एक तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक (हायाबुसा) की कार से टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हुई है, जिसकी हालत फिलहाल नाजुक है। महबूबनगर के न्यू प्रेम नगर के दो परिवारों के सदस्य कार से यात्रा कर रहे थे। जब वे पालकोंडा चौराहे पर यू-टर्न लेने की कोशिश कर रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक उनकी गाड़ी से जोर से टकरा गई।

**रफ्तार का कहर**

- हादसे में कार सवार दो बच्चे समेत तीन लोग और दोनों बाइकर्स की भी जान गई
- 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी हायाबुसा मोटरसाइकिल

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, करीब 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि क्या अत्यधिक रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना ही इस दुर्घटना का मुख्य कारण था। कार में यात्रा कर रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। इनकी पहचान अर्शिया बेगम (30), उजेपा (7) और दो वर्षीय अमर के रूप में हुई है।

### देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामला

# 5 लाख से लेकर 30 हजार रु. तक में बिका पेपर, अब तक 14 गिरफ्तारियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 को लेकर राजस्थान में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। परीक्षा में कथित गड़बड़ी, गेस पेपर और संभावित पेपर लीक की आशंका के बीच राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और एंटी टेरर स्क्वॉड (एटीएस) लगातार जांच में जुटी हैं। मामले में अब तक 14 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जबकि कई लोगों से पूछताछ जारी है। जांच के केंद्र में राजस्थान का सीकर जिला है, जहां परीक्षा से पहले छात्रों के बीच एक कथित 'गेस पेपर' वायरल हुआ था।

### दावा- केरल से आया था सैंपल पेपर



एआई इमेज

दावा किया गया है कि राजस्थान एसओजी की जांच में खुलासा हुआ है कि केरल से एक सैंपल पेपर सीकर आया था, जिसमें करीब 150 प्रश्न वही थे जो परीक्षा में पूछे गए। 1 मई को राकेश मंडारिया नाम के काउंसलर के पास केरल से यह लीक पेपर पहुंचा था।

**एनटीए का पेपर लीक से इनकार :** हालांकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पेपर लीक से इनकार किया है। एनटीए के मुताबिक, प्रश्नपत्र जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए गए थे। प्रश्नपत्रों पर यूनिक वॉटरमार्क लगाए गए थे।

### बैरियर-लेस टोलिंग में बड़ा कदम

# दिल्ली को मिला देश का दूसरा बैरियर-मुक्त टोल, समय बचेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात के बाद अब दिल्ली में देश का दूसरा बैरियर-लेस (बिना बैरियर वाला) टोल शुरू हो गया है। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो तकनीक से लैस टोल का उद्घाटन किया। इसके साथ ही मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा भारत का दूसरा ऐसा टोल बन गया है जहां गाड़ियों को रुकने की जरूरत नहीं होगी।



### पूरे देश में विस्तार की योजना

नितिन गडकरी ने बताया कि एनएचएआई ने पूरे देश में इस तकनीक को विस्तार देने का खाका तैयार किया है। सितंबर 2026 तक देश के 9 राज्यों (गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और असम) के 17 टोल प्लाजा को बैरियर-मुक्त करने का लक्ष्य है। मार्च 2027 तक दूसरे चरण के तहत 108 से अधिक अतिरिक्त टोल प्लाजा इस सूची में जोड़े जाएंगे।

## इंदौर में 5 बसों में 4 धमाके..जैसे गैस सिलेंडर फटे




**इंदौर(हरिभूमि न्यूज)।** नवलखा इलाके में 3 इमली के पास खड़ी 5 बसों में 4 धमाके हुए। आग की लपटें करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिखाई दीं। गैस सिलेंडर फटने जैसे धमाके सुनाई दिए। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ये वही इलाका है जहां बसें पार्क की जाती हैं। एक बस में मरम्मत का काम हो रहा था। इसी दौरान बस ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते 5 बसों में आग लग गई। इंदौर में बसों में लगी आग के दौरान 4 धमाके ऐसे हुए जैसे गैस सिलेंडर फटे हों। वेल्डिंग के दौरान भी गैस सिलेंडर का इस्तेमाल होता है, आशंका है कि आग लगने के बाद वे ही फट गए हों। धमाकों की आवाज सुनकर आसपास की बस्ती में अफरातफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। मौके पर 20 से ज्यादा बसें खड़ी थीं जिन्हें आनन-फानन में हटाया गया।

**सियासत** | पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम की अपील पर तंज

# देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं यह नाकामी के भी सबूत : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता बोले- सोना न खरीदें, विदेश न जाएं जैसी 7 अपीलें उपदेश नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बचत की अपील करके अपनी नाकामी का सबूत दिया है तथा अब देश चलाना एक 'कम्प्रोजाइल्ड' प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि ख़ुद जवाबदेही से बच निकलें। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ' मोदी जी ने कल जनता से त्याग की मांग की कि सोना मत ख़रीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल का कम उपयोग करो, खाद और खाने का तेल कम उपयोग करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो।' उन्होंने दावा किया कि ये उपदेश नहीं बल्कि नाकामी के सबूत हैं। उधर कांगेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि 'अपनी 12 वर्षों की नाकामी का ठीकरा, देश की जनता पर मत फोड़िये, मोदी जी। गोस्वामी तुलसीदास जी ने सही कहा है: पर उपदेश कुशल बहुतेरे।''

### जनता को बताना पड़ रहा क्या ख़रीदें



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, '12 साल में देश को इस मुक़ाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है कि क्या ख़रीदें, क्या न ख़रीदें, कहां जाएं, कहां न जाएं। हर बार ज़िम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं ताकि ख़ुद जवाबदेही से बच निकलें।' उन्होंने यह दावा भी किया कि देश चलाना अब 'कम्प्रोमाइज्ड पीएम' के बस की बात नहीं रही।

### राहुल पर भड़की भाजपाः कांग्रेस की समस्या यही, उनकी राजनीति सिर्फ सत्ता तक सीमित

नई दिल्ली। देश चलाना अबप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बस की बात नहीं, राहुल गांधी के इस आरोप पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने कहा कि अगर जनता से जिम्मेदारी निभाने की अपील करना "नाकामी" है, तो फिर आपके प्रिय नेहरू भी क्या "कम्प्रोजाइल्ड पीएम" थे? अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, अगर जनता से जिम्मेदारी निभाने की अपील करना "नाकामी" है, तो फिर आपके प्रिय नेहरू जी भी क्या "कंप्रोमाइज्ड पीएम" थे? अमित मालवीय ने कहा कि खुद नेहरू ने कहा था कि जब दूसरे देशों में युद्ध होता है तो उसका असर भारत में महंगाई के रूप में पड़ता है। क्या तब भी यह "बहाना" था, या तब यह जिम्मेदार नेतृत्व माना जाता था?



### प्रधानमंत्री युवाओं के प्रति जवाबदेह, कब तक बर्बाद होगा भविष्य : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता को लेकर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं के प्रति जवाबदेह हैं और ऐसे में नौजवनों का भविष्य बर्बाद करने का सिलसिला कब तक जारी रहेगा। प्रियंका ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एक बार फिर से नीट-यूजी की परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में पिछले कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।



### ईडी ने सरकारी गवाह बनने की मांग का किया विरोध

# जैकलीन 200 करोड़ की ठगी में बराबर भागीदार

**नई दिल्ली।** ईडी ने एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी। जैकलीन ने पिछले महीने अदालत में एक आवेदन दायर कर मामले में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी, जिसमें चंद्रशेखर मुख्य आरोपी हैं। जैकलीन फर्नांडिस पर चंद्रशेखर से महंगे गिफ्ट लेने का आरोप है, जिनके साथ उनके कथित तौर पर संबंध थे। पटियाला हाउस कोर्ट के सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने फर्नांडिस को ईडी की आपत्तियों पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।



### ठुकराई गुजारिश

जैकलीन को चंद्रशेखर की क्राइम हिस्ट्री की जानकारी होने के बावजूद, वह लगातार उसके संपर्क में रहीं। ईडी ने कहा कि जैकलीन को गवाह का दर्जा देना न्याय का उल्लंघन होगा और अपराध की गंभीरता को कम कर देगा। ईडी ने यह भी आरोप लगाया कि चंद्रशेखर ने आपराधिक गतिविधियों से कमाए गए पैसों का इस्तेमाल करके जैकलीन के लिए महंगे गिफ्ट और बाकी चीजों की व्यवस्था की थी।

चिंतन

# विदेशी मुद्रा पर दबाव कम करने के प्रयास

उपभोग और आर्थिक जिम्मेदारी के बीच राष्ट्रहित में संतुलन बनाया जाना बेहद जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को केवल राजनीतिक बयान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, विदेशी यात्राओं में कटौती और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देना दरअसल, एक व्यापक आर्थिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। इसका मूल उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर संभावित दबाव को कम करना और देश को वैश्विक आर्थिक झटकों के लिए तैयार करना है। यह सच है कि वर्तमान में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और स्थिति किसी तत्काल संकट जैसी नहीं है, लेकिन आर्थिक प्रबंधन केवल वर्तमान हालातों को देखकर नहीं किया जाता, बल्कि संभावित जोखिमों को पहले से पहचानकर तैयारी करना ही दूरदृष्टि कहलाता है। मध्य पूर्व में जारी तनाव और हार्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में तेल कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और व्यापार घाटे पर पड़ना तय है। प्रधानमंत्री की अपील का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें जनता की भागीदारी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। यदि नागरिक सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, कार पूलिंग अपनाएं और अनावश्यक ईंधन खर्च कम करें तो इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों को बढ़ावा देना भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम हो सकता है। सोने की खरीद को लेकर की गई अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत अपनी लगभग पूरी सोने की जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। यही कारण है कि जब सोने का आयात बढ़ता है तो डॉलर की मांग भी बढ़ती है और व्यापार संतुलन प्रभावित होता है। जीटीआरआई द्वारा इस अपील का समर्थन यह दर्शाता है कि यह केवल भावनात्मक राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि आर्थिक यथार्थ से जुड़ा विषय है। यदि एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना खरीदने से परहेज किया जाए तो इससे विदेशी मुद्रा पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल जनता से संयम की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को भी वैकल्पिक निवेश साधनों को मजबूत और आकर्षक बनाना होगा, ताकि लोग सोने के बजाय वित्तीय निवेश की ओर बढ़ें। साथ ही, आयात आधारित उपभोग कम करने के लिए घरेलू उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाना भी जरूरी है। विपक्ष द्वारा इस अपील को सरकार की विफलता बताना राजनीतिक दृष्टि से स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय चुनौतियों को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि संकट के समय सामूहिक अनुशासन और मितव्ययिता ने भारत को मजबूत बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 'सप्ताह में एक दिन उपवास' का आह्वान हो या कोरोना काल में जनता की भागीदारी देश ने हर चुनौती में एकजुटता दिखाई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक जिम्मेदारी को केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य के रूप में भी देखा जाए।

# अब फिर 'आदतें' बदलने का वक्त



अभिजात्य भारद्वाज
पीएम की ताजी अपील

पीएम मोदी की ताजा सलाह दरअसल, फिलहाल भारत का पैसा भारत में रखने के प्रयास व खर्च के आनुपातिक सिद्धांत को अनुशासित करने से ही प्रेरित है। इसकी रोशनी में सरकारों के सोशल वेलफेयर को भी नए सिरे से बुना जा सकता है। कैश स्कीम को काम के बदले पैसे में बदला जा सकता है ताकि देश के विनिर्माण और उत्पादन क्षेत्र में एक नई इबारत लिखी जा सके। इस सलाह के आधार पर सरकारी फिजूलखर्ची, कारों के लंबे काफिले व राजनीतिक रैलियों को लेकर भी मंथन किया जा सकता है। पीएम की इस नसीहत में स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का मंत्र भी है, जिसे केंद्र व राज्य सरकारें अपना भी रही हैं। इसके सार्थक नतीजे भी आ रहे हैं।

भारत इस समय एक ऐसे आर्थिक मोड़ पर खड़ा है, जहां भीतर ही भीतर कई तरह के दबाव घुमड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजा सलाहें-विदेशी यात्राएं टालिए, सोने की खरीद कुछ समय के लिए कम कीजिए और जहां तक संभव हो वर्क फ्रॉम होम अपनाइए-सामान्य नहीं हैं। इसके पीछे अर्थव्यवस्था का गहरा गणित छिपा हुआ है। इन तीनों बातों को ध्यान से देखें, तो एक समान धागा दिखाई देता है-डॉलर। विदेश यात्रा में डॉलर खर्च होता है, सोना आयात करने में डॉलर खर्च होता है और अधिक तेल (ईंधन व खाद्य तेल) खपत का अर्थ है अधिक तेल आयात, यानी फिर डॉलर का खर्च। तो, क्या सरकार वास्तव में भारत से बाहर जा रहे डॉलर के प्रवाह को धीमा करना चाहती है? यहीं से कहानी भारत से निकलकर दुनिया की सबसे संवेदनशील समुद्री पट्टी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज तक पहुंचती है। आज इस क्षेत्र में तनाव केवल युद्ध की खबर नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की धड़कन पर असर डालने वाला संकट बन चुका है। लगभग 1,550 जहाज इस क्षेत्र में प्रभावित हुए हैं और करीब 22,500 नाविक फंसे हुए हैं। कुछ दिनों में जहाजों की आवाजाही सामान्य स्तर के केवल 5 फीसदी तक सिमट गई। अब प्रश्न यह है कि यदि दुनिया के तेल का रास्ता धीमा पड़ जाए, तो क्या केवल पेट्रोल महंगा होगा? या पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था हिलने लगेगी?

यही वह बिंदु है जहां भारत की चिंता शुरू होती है। भारत अपनी कुल तेल आवश्यकता का लगभग 85 फीसदी आयात करता है। अर्थात, हमारे घरों की रसोई से लेकर ट्रक, ट्रेन, विमान, उद्योग और खेती तक सब कुछ उस तेल पर निर्भर है जो समुद्र के रास्ते बाहर से आता है। अब यदि तेल महंगा होता है या उसकी सप्लाई बाधित होती है, तो भारत को अधिक डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। और जब डॉलर अधिक खर्च होते हैं, तो देश की विदेशी मुद्रा भंडार यानी फॉरेक्स रिजर्व पर दबाव बढ़ता है। यहीं पर भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका सामने आती है। कुछ ही सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 728.5 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर था। लेकिन कुछ ही समय में यह घटकर लगभग 690.7 बिलियन डॉलर रह गया। यानी लगभग 38 बिलियन डॉलर कम हो गए। इसका अर्थ है कि आरबीआई लगातार डॉलर बेचकर रुपए को संभालने की कोशिश कर रहा है। क्योंकि यदि आरबीआई हस्तक्षेप न करे, तो रुपया और तेजी से गिर सकता है। अब यहां एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है-रुपया गिरने से आम आदमी पर क्या असर पड़ेगा? जब रुपया कमजोर होता है, तब आयात महंगे हो जाते हैं। तेल महंगा होता है, परिवहन महंगा होता है, और फिर धीरे-धीरे सब्जी, दूध, दाल, दवाई, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स-हर चीज की कीमत बढ़ने लगती है। यानी विदेशी मुद्रा का संकट अंततः घर की रसोई तक पहुंच जाता है। लेकिन, कहानी यहीं खत्म नहीं होती। तेल की बढ़ती कीमतों का सबसे बड़ा दबाव इस समय भारत की तेल कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ चुकी हैं, लेकिन घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लंबे समय से पूरी तरह नहीं बढ़ाया गया। परिणाम यह हुआ कि कंपनियों को प्रति



लीटर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कुछ अनुमान बताते हैं कि पेट्रोल पर लगभग 18 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 30 से 35 रुपए प्रति लीटर तक का दबाव बन रहा है। अब सरकार के सामने विकल्प क्या हैं? पहला- टैक्स कम कर दे। लेकिन, इससे सरकारी आय घटेगी। दूसरा- कंपनियों को सब्सिडी दे। लेकिन, इससे सरकारी खर्च और फिस्कल डेफीसिट बढ़ेगा। तीसरा-पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा दे। लेकिन, इससे महंगाई और जनता की नाराजगी दोनों बढ़ेंगी। तो, फिर सरकार क्या करे? शायद यही कारण है कि सीधे कीमतें बढ़ाने के बजाए लोगों के व्यवहार को बदलने की कोशिश हो रही है। यानी कम यात्रा करें, कम ईंधन खर्च करें, कम आयातित सोना खरीदें और डॉलर की बचत करें। इसी बीच एक और संकेत आया है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 14 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। इसका क्या अर्थ है? इसका अर्थ यह नहीं कि भारत कमजोर देश बन गया है। बल्कि इसका अर्थ यह है कि वैश्विक निवेशक इस समय सुरक्षित जगहों पर पैसा रखना चाहते हैं। जब विदेशी निवेश कम होता है, तब भारत में डॉलर का प्रवाह भी कम होता है। यानी एक तरफ तेल के लिए डॉलर चाहिए और दूसरी तरफ निवेश से डॉलर कम आ रहे हैं। अब यदि इन सभी घटनाओं को एक साथ जोड़ें तो एक बड़ा चित्र सामने आता है। यह केवल आर्थिक संकट नहीं, बल्कि भारत की इंपोर्ट डिपेंडेंसी का आइना है। वर्षों से भारत विकास कर रहा है, लेकिन उसके साथ-साथ उसकी बाहरी निर्भरता कम नहीं हो रही। ऊर्जा बाहर से, सोना बाहर से, इलेक्ट्रॉनिक्स बाहर से, और कई बार निवेश भी बाहर से। प्रश्न यह है कि यदि दुनिया लंबे समय तक अस्थिर रही, तो क्या केवल विकास दर भारत को सुरक्षित रख पाएगी? शायद यही कारण है कि अब स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, नवकरणीय ऊर्जा, स्थानीय और आयात प्रतिस्थापन (एक ऐसी आर्थिक रणनीति, जिसमें विदेशी वस्तुओं के आयात को कम करके उन्हें घरेलू स्तर पर निर्मित (स्वदेशी) वस्तुओं से बदला जाता है) जैसे शब्द केवल राजनीतिक नारे नहीं रह गए हैं। वे अब आर्थिक आवश्यकता बनते जा रहे हैं।

आज भारत के सामने चुनौती केवल ग्रोथ बनाए रखने की नहीं है, बल्कि ऐसी ग्रोथ बनाने की है जो बाहरी झटकों से टूटे नहीं। क्या भारत आने वाले वर्षों में अपनी तेल निर्भरता कम कर पाएगा? क्या भारतीय परिवार सोने की जगह प्रोडक्टिव फाइनेंशियल असेट्स में निवेश बढ़ाएंगे। इसका मतलब ऐसी वित्तीय संपत्तियों से है, जो समय के साथ आय उत्पन्न करती हैं या उनके मूल्य में वृद्धि होती है, जिससे आपका धन बढ़ता है। भारत को अपने मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट को इतना मजबूत बनाना होगा कि डॉलर कमाने की क्षमता आयात के दबाव से अधिक हो जाए?

क्योंकि, अंततः अर्थव्यवस्था केवल शेयर बाजार के उत्साह से नहीं चलती। वह चलती है भरोसे से, ऊर्जा से, विदेशी मुद्रा से और उन अदृश्य आर्थिक संतुलनों से जिन्हें आम लोग रोज महसूस नहीं करते। लेकिन, जब हमारे प्रधानमंत्री नागरिकों से विदेशी यात्राएं टालने, सोना कम खरीदने और ईंधन बचाने की अपील कर रहे हों तो समझ लेना चाहिए कि हम एक बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाले वक्त से गुजर रहे हैं। कोविड काल में हमने इससे बड़ी जिम्मेदारी निभाई है। तब हमने अपनी आदतें बदली थीं। अब फिर हम सबको अपनी आदतें बदलनी हैं। प्रधानमंत्री ये नसीहत देकर सिर्फ नागरिक बोध ही नहीं जगा रहे हैं बल्कि वे राज्य सरकारों और राजनेताओं से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे भी आसन्न चुनौतियों के लिए अपने को तैयार करें ताकि 'बरताव' में बदलने का उदाहरण सिर्फ नागरिक तक ही सीमित न रह जाए।

(युवा लेखक अंतरराष्ट्रीय व आर्थिक मामलों के अध्येता हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

श्वेता गोयल



# मानवता की निःस्वार्थ धड़कन और स्वास्थ्य का भविष्य हैं नर्स

जब भी मानवता की सेवा का उल्लेख होता है तो श्वेत परिधान में लिपटी एक ऐसी छवि मानस पटल पर उभरती है, जिसमें करुणा, धैर्य और समर्पण का अनूठा संगम होता है। यह छवि है 'नर्स' की। समाज के स्वास्थ्य ढांचे में नर्सें वह रीढ़ हैं, जिनके बिना चिकित्सा विज्ञान की गगनचुंबी इमारतें ढह सकती हैं। प्रतिवर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाकर धरती के इन 'फरिश्तों' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जननी 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने क्रीमिया युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सेवा कर नर्सिंग को एक गरिमामय पेशे के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2026 में इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) ने इस वर्ष के लिए 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' जैसा अत्यंत सार्थक विषय चुना है। यह वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को बचाने और उन्हें संवारने का एक रोडमैप है। नर्सिंग का पेशा केवल दवाइयां देने या घावों पर पट्टी बांधने तक सीमित नहीं है। चिकित्सा जगत में डॉक्टर को यदि मस्तिष्क माना जाए तो नर्सें निश्चित रूप से उस तंत्र की धड़कन हैं। अस्पताल के बंद कमरों में जब एक मरीज अपनी बीमारी से जूझ रहा होता है और उसके परिजन भी साथ नहीं होते, तब एक नर्स ही उसकी मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बनती है। वे मरीजों के स्वास्थ्य संकेतकों की चौबीसों घंटे निगरानी करती हैं, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे मरीज के टूटते हौसले को अपनी मुस्कान और सांत्वना से जीवित रखती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग को विश्वभर में सबसे भरोसेमंद और पवित्र पेशों में शुमार किया जाता है। एक सशक्त नर्स न केवल रोगी की शारीरिक व्याधि को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि अपने नैदानिक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता से मृत्यु के द्वार पर खड़े व्यक्ति को जीवनदान भी देती है। भारत के संदर्भ में देखें तो नर्सों के योगदान को पहचान देने के लिए सरकार ने 1973 में 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की थी। प्रतिवर्ष 12 मई को देश के महामहिम राष्ट्रपति उन नर्सों को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की है। अब तक सैंकड़ों नर्सिंग कर्मियों को यह सम्मान मिल चुका है, जो इस पेशे की महत्ता को दर्शाता है। हालांकि, पुरस्कारों और सम्मानों से परे नर्सों की वास्तविक स्थिति पर विमर्श करना भी आवश्यक है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी है। विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें अक्सर इस ओर इशारा करती हैं कि विकासशील देशों से नर्सों का पलायन विकसित देशों की ओर हो रहा है। इसके पीछे बेहतर वेतन, बेहतर जीवन स्तर और कार्य की अधिक अनुकूल परिस्थितियां मुख्य कारण हैं। यह पलायन विकासशील देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर पर पड़ता है। किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का पैमाना यह नहीं है कि वहां कितने आधुनिक अस्पताल हैं, बल्कि यह है कि वहां प्रति व्यक्ति कितनी प्रशिक्षित नर्सें उपलब्ध हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 1100 की आबादी पर एक नर्स है, जो आदर्श मानकों से काफी पीछे है। नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों में सबसे प्रमुख कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और उचित सुविधाओं का अभाव है। विशेष रूप से निजी क्षेत्रों और छोटे शहरों में नर्सों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है और इसके बदले उन्हें वह सम्मान या वेतन नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। इस वर्ष की थीम 'सशक्त नर्सें' हमें अहसास कराती है कि हमें नर्सों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। एक थकी हुई और उपेक्षित नर्स कभी भी अपनी पूरी क्षमता से सेवा नहीं दे सकती। इसलिए, उन्हें नेतृत्व के पदों पर बिठाना और उनके लिए शोध एवं प्रशासनिक कार्यों के द्वार खोलना समय की मांग है। नर्सों का कार्य केवल बिस्तर के पास खड़े रहना नहीं है बल्कि वे स्वास्थ्य शिक्षा, सामुदायिक स्वास्थ्य और नीति निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। वर्ष 1953 में जब डोरोथी सुथरलैंड ने पहली बार इस दिवस का प्रस्ताव रखा था, तब उद्देश्य केवल एक पेशे का जश्न मनाना नहीं था बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाना था। आज 2026 में जब हम इस दिवस को मना रहे हैं तो हमें यह समझना होगा कि नर्सें ही हमारे भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी हैं। सशक्त नर्सें ही एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करेंगी।

( लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

प्रेरणा

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहां उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोले- कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोला- बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोले- घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जाएगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोला- चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोले- तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

अंतर्मन




आज की पाती

## एक वोट की ताकत

लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी का जीवंत प्रतीक है। इसमें हर नागरिक का वोट समान महत्व रखता है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, शिक्षित हो या अशिक्षित। हाल ही में तमिलनाडु की तिरुपत्तूर विधानसभा सीट का परिणाम इस सत्य को फिर से प्रमाणित करता है, जहां मात्र एक वोट के अंतर से चुनाव का परिणाम तय हुआ। टीवीके के उम्मीदवार सीनिवसा सेतुपति आर ने डीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को केवल एक वोट से हराया। यह घटना केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गहराई और उसकी शक्ति का सशक्त संदेश है। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार लोकसभा में विश्वास मत के दौरान केवल एक वोट से गिर गई थी। उस एक वोट ने देश की राजनीतिक दिशा बदल दी। **-आकाश शर्मा, भिवानी**

ट्रेंड

## सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक



प्रभास पाटन के तट पर सोमनाथ मंदिर श्रद्धा, भक्ति और भारत की सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक बनकर आज भी अडिग खड़ा है। इस पावन मंदिर ने बर्बर आक्रमणों, विदेशी हमलों और सदियों के चुनौतीपूर्ण कालखंड को पार करते हुए अपनी अमर चेतना को अक्षुण्ण रखा है। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## आत्मनिर्भर बनाने का रोडमैप



पेट्रोल-डीजल के उपयोग में संयम, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा और केमिकल फर्टिलाइजर को छोड़ नेचुरल फार्मिंग को अपनाने का प्रधानमंत्री आह्वान भारत को आत्मनिर्भर और ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्र बनाने का स्पष्ट रोडमैप है। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

## युवाओं का भविष्य छीन रहे



एक बार फिर से नीट-यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। इस बार भी तकरीबन 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। **-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

## मैं हार नहीं मानूंगी



डब्ल्यूएफआई में सत्ता में बैठे लोग चाहते हैं कि मैं इस खेल को छोड़ दूं, लेकिन मैं हार स्वीकार नहीं करूंगी। उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने दूंगी। आप मुझे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कह रहे हैं। क्या आपने अपनी भाषा देखी है? क्या आपको लगता है कि मैं वहां सुरक्षित हूं? **-विनेश फौगाट**, पहलवान

करंट अफेयर


# गणित में भारत के योगदान वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन



विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसमें सहस्राब्दियों के दौरान गणित के क्षेत्र में भारत के ऐतिहासिक और समृद्ध योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का शीर्षक है 'फ्रॉम शून्य टू अनंत (ज़ीरो टू इन्फिनिटी)- भारतीय सभ्यता का गणित में योगदान' जिसमें 2,000 से अधिक वर्षों में गणित के क्षेत्र में भारत के व्यापक योगदान और विचार, अनुप्रयोग तथा विकास की विरासत को उजागर किया जाएगा। जयशंकर दो से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आधिकारिक यात्रा पर थे। वह सोमवार को न्यूयॉर्क जाएंगे और इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह प्रदर्शनी संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों, राजनयिकों, आगंतुकों और अन्य अधिकारियों को भारत की गणितीय विरासत और योगदान को मानवता की साझा धरोहर के रूप में देखने का अवसर प्रदान करेगी। यह विशेष प्रदर्शनी आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर जैसे महान भारतीय विद्वानों से लेकर केरल के खगोलशास्त्र और गणित विद्यालय तक की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करेगी।

ऑफ बीट

# बंद शहर से हैं क्रूज, इसलिए तेजी से फैलता है संक्रमण



समुद्री क्रूज यात्राओं को आम तौर पर आरामदायक और विलासितापूर्ण छुट्टियों के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए ये जहाज यह समझने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं कि संक्रामक बीमारियां किस तरह तेजी से फैल सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, क्रूज जहाज अस्थायी तैरते शहरों की तरह होते हैं, जहां हजारों लोग कई दिन तक एक ही जगह पर रहते, खाते, घूमते और मनोरंजन करते हैं। रेस्तरां, थिएटर, लिफ्ट, केबिन, रसोईघर, जल प्रणाली और बंद सामुदायिक स्थान संक्रमण के प्रसार को आसान बना देते हैं। एक बार कोई संक्रमण जहाज पर पहुंच जाए तो उसे रोकना बेहद कठिन हो सकता है। 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज से कोविड 19 का प्रसार इसका सबसे चर्चित उदाहरण माना जाता है। वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान 'डायमंड प्रिंसेस' जहाज पर 619 यात्री और चालक दल के सदस्य संक्रमित पाए गए थे। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि जहाज की परिस्थितियों ने कोरोना वायरस के प्रसार को तेज किया। हालांकि पृथकवास और अलगाव जैसे कदमों से संक्रमण को कुछ हद तक नियंत्रित किया गया, लेकिन अध्ययन में यह भी कहा गया कि यदि शुरुआती प्रतिक्रिया और तेज होती तो मामलों की संख्या और कम हो सकती थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

# आईसीसी वार्षिक वनडे रैंकिंग में भारत 'नंबर-1', पाकिस्तान को झटका

## दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग के नवीनतम सालाना अपडेट के बाद अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा, 'नवीनतम सालाना अपडेट के बाद आईसीसी की पुरुषों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम रैंकिंग में भारत शीर्ष पर बना हुआ है। वह दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड (113 अंक) से महज 5 अंक के मामूली अंतर से आगे है जबकि ऑस्ट्रेलिया (109 अंक) तीसरे स्थान पर बरकरार है और शीर्ष तीन टीम में शामिल है।' भारत को एक रेटिंग अंक का नुकसान हुआ है और उसके खाते में 118 अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका 102 अंक के साथ पाकिस्तान (98) को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को पूरा भार (100 प्रतिशत) दिया जाता है जबकि पिछले दो वर्षों के नतीजों को आधा भार (50 प्रतिशत) दिया जाता है।

### बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर

शीर्ष 10 में बाकी टीम की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। श्रीलंका (96), अफगानिस्तान (93) और इंग्लैंड (89) शीर्ष आठ में शामिल अन्य टीम हैं। बांग्लादेश 84 अंक के साथ नौवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज के अब 74 अंक हैं। वेस्टइंडीज पिछले अपडेट में बांग्लादेश से छह अंक से पीछे था लेकिन अब यह अंतर बढ़कर 10 अंक हो गया है। आईसीसी ने कहा, ' इसके दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण परिणाम होंगे क्योंकि वे आईसीसी पुरुषों के क्रिकेट विश्व कप 2027 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने की कोशिश कर रही हैं।'



### टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया

वनडे और टी20 क्रिकेट में भारत के लगातार दबदबे के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया इस समय आईसीसी पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर है। यह देश महिलाओं की वनडे और टी20 दोनों ही टीम रैंकिंग में भी पहले स्थान पर काबिज है।

### दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे क्वालीफाई

आईसीसी ने कहा, '31 मार्च 2027 तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष आठ टीम सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी। इनके अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे भी स्वत: क्वालीफाई कर चुके हैं।' इस संदर्भ में यदि दक्षिण अफ्रीका शीर्ष आठ स्थान में बना रहता है तो नौवां स्थान सीधे विश्व कप का टिकट पाने के लिए महत्वपूर्ण हो जाएगा।

### आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को छोड़ा पीछे

आयरलैंड (54) ने जिम्बाब्वे (53) को पीछे छोड़ते हुए 11वां स्थान हासिल कर लिया है जबकि अमेरिका 13वें स्थान पर पहुंच गया है। अमेरिका (46) ने स्कॉटलैंड (44) को पीछे छोड़ा है यूएई को भी फायदा हुआ है और वह कनाडा को पीछे छोड़ते हुए 19वें स्थान पर है जिसके कुल 16 अंक हैं।

### नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वीं पायदान पर

नीदरलैंड ने रैंकिंग अपडेट में सबसे मजबूत बढ़त में से एक दर्ज की, चार अंक जोड़कर 44 पर पहुंच गया, जबकि ओमान 33 अंकों तक पहुंच गया। नेपाल चार अंकों की गिरावट के साथ 25वें स्थान पर खिसक गया, जबकि नामीबिया मामूली सुधार के साथ 23वें स्थान पर पहुंच गया।

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के हेड कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान चौथे अंपायर के साथ बहस करने के कारण आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने कहा, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर आईपीएल के खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया है, ' एंडी को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो 'मैच के दौरान स्पष्ट रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग' करने से संबंधित है। एंडी ने अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी अमित शर्मा के फैसले को स्वीकार कर लिया है।

### बेहतर प्रदर्शन के साथ 31वें स्थान पर संधू

**बार्सिलोना।** भारतीय खिलाड़ी युवराज संधू ने खेले गए एस्त्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त 31वें स्थान पर रहे। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती दौर में 68 का शानदार कार्ड खेला था, लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में क्रमशः 72 और 73 का कार्ड खेलने के बाद वह तालिका में नीचे फिसल गए थे। उन्होंने चौथे और अंतिम दौर में अच्छी वापसी करते हुए पांचवें, नौवें, 10वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी लगाई, जबकि 12वें और 15वें होल पर बोगी की।

### भारत की आठ महिला मुक्केबाज फाइनल में

**ताशकंद।** भारत की अंडर-17 महिला मुक्केबाजों का दबदबा सोमवार को एशियाई चैंपियनशिप में देखने को मिला, जहां आठ मुक्केबाज फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। राखी (46 किग्रा), खुशी चंद (48 किग्रा), नव्या (57 किग्रा), दीया (63 किग्रा), हिमांशी (70 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा), वंशिका (80 किग्रा) और गुरसीरत कौर (80 किग्रा से अधिक) ने अलग-अलग मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। ममता मुरलीधर (52 किग्रा), मंजुनाथ लमानी (54 किग्रा), इशिका (60 किग्रा) और हरनूर कौर (66 किग्रा) को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इन चारों का अभियान कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ।

### खेल मंत्रालय का बीएफआई को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को उसकी 'अस्पष्ट' चयन नीति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। मंत्रालय का कहना है कि यह नीति 'पारदर्शी नहीं लगती' और बार-बार याद दिलाने के बावजूद बीएफआई ने हाई परफोर्मेंस निदेश्का जैसे अहम पदों पर नियुक्तियां नहीं की हैं। एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बीएफआई को इस नोटिस का जवाब देने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

## आईपीएल: अक्षर-मिलर के अर्धशतक, स्टार्क-माधव ने 2-2 विकेट लिए

*कैपिटल्स ने किंग्स को हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं*

# पंजाब की लगातार चौथी हार दिल्ली ने 3 विकेट से दी मात

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

कप्तान अक्षर पटेल और डेविड मिलर के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां खराब शुरुआत से उबरकर पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने की अपनी मामूली उम्मीदों को जीवंत रखा। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में पांच जीत से 10 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। पंजाब की टीम लगातार चौथी हार के बाद 11 मैच में 13 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 33 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद अक्षर (56 रन, 30 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) और डेविड मिलर (51 रन, 28 गेंद, तीन चौके, चार छक्के) के बीच पांचवें विकेट की 64 रन की साझेदारी से 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाकर जीत दर्ज की। अक्षर और मिलर के पवेलियन लौटने के बाद आशुतोष शर्मा (10 गेंद में 24 रन, दो छक्के, दो चौके) और माधव तिवारी (आठ गेंद में नाबाद 18, एक छक्का, दो चौके) ने टीम को जीत दिलाई। आकिब नबी ने दो गेंद में नाबाद 10 रन बनाए। पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 59 रन) और प्रियांश (33 गेंद में छह छक्कों और दो चौकों से 56 रन) के अर्धशतक से पांच विकेट पर 210 रन बनाए। अय्यर ने कूपर कोनोली (38) के साथ तीसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की जबकि प्रियांश ने भी प्रभसिमरन सिंह (18) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई।



**पंजाब-210/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का पारख बो तिवारी | 56 |
| प्रभसिमरन का आकिब बो मुकेश | 18 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 59 |
| कोनोली का मिलर बो तिवारी | 38 |
| मार्कस का तिवारी बो स्टार्क | 01 |
| शशांक का अक्षर बो स्टार्क | 00 |
| सूर्यांश शेडगे नाबाद | 21 |

अतिरिक्त:17
कुल:20 ओवर में पांच विकेट पर: 210 रन
विकेट पतन: 1-78, 2-97, 3-180, 4-187, 5-187
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-57-2, आकिब 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-46-0, मुकेश 4-0-31-1, तिवारी 4-0-40-2

**दिल्ली-216/7 (19)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| राहुल का यानसेन बो अर्शदीप | 09 |
| अभिषेक पोरेल बो यश | 05 |
| साहिल का चहल बो अर्शदीप | 13 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 12 |
| अक्षर का ड्वारशुइस बो स्टोइनिस | 56 |
| मिलर का प्रभसिमरन बो ड्वारशुइस | 51 |
| आशुतोष का स्थानापन्न बो यश | 24 |
| माधव तिवारी नाबाद | 18 |
| आकिब नबी नाबाद | 10 |

अतिरिक्त: 18
कुल:19 ओवर में सात विकेट पर : 216 रन
विकेट पतन: 1-10, 2-10, 3-33, 4-74, 5-138, 6-170, 7-205
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-21-2, यश 4-0-55-2, यानसेन 4-0-45-0, ड्वारशुइस 4-0-51-1, स्टोइनिस 3-0-44-1

## प्लेऑफ की जंग, हैदराबाद और गुजरात में आज अहम मुकाबला

■ आज शाम 7 .30 से शुभमन और अभिषेक की टीमों में मुकाबला

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग अब जबकि अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है तब दूसरे स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद और तीसरे स्थान की टीम गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है, जो प्लेऑफ की दौड़ को ध्यान में रखते हुए दोनों टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम ने सत्र की खराब शुरुआत से उबरते हुए कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की हैं। इनमें पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स पर 77 रन की जीत भी शामिल है, जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस जीत से गुजरात की स्थिति थोड़ी बेहतर नजर आ रही है। अभी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), सनराइजर्स और टाइटंस सभी के समान 14 अंक हैं। ऐसे में नेट रन रेट प्लेऑफ की दौड़ में निर्णायक कारक बन सकता है।

पाकिस्तान-बांग्लादेश दौरा

# ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कमिंस, स्टार्क, जोश बाहर



एजेंसी ▶▶| सिडनी

■ मिचेल मार्श दोनों टीम की करेंगे कप्तानी


ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने के आखिर में पाकिस्तान और बांग्लादेश में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड को अपनी टीम में नहीं चुना है। ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ 30 मई से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। ऑलराउंडर लियाम स्कॉट और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम के कप्तान ओली पीक को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है। युवा बल्लेबाज जोएल डेविस को जून में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। उन्हें भी पहली बार मौका मिला है।

### कोमल कोहर ने कांस्य पदक के साथ एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत का खाता खोला

**गांधीनगर।** कोमल कोहर ने सोमवार को यहां एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतकर मेजबान भारत के पदकों का खाता खोला। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह खेलते हुए 23 वर्षीय कोमल ने धैर्यपूर्ण और संयमित प्रदर्शन करते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने कुल 177 किग्रा उठाया जिसमें स्नैच में 78 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उनके इस प्रयास ने उन्हें एक अन्य कांस्य पदक दिलाया। इस प्रतियोगिता में एशियाई भारोत्तोलक के कई पारंपरिक दिग्गज खिलाड़ी शामिल नहीं थे जिसका फायदा उठाते हुए चीनी ताइपे ने पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाकर अपना दबदबा बनाया। हुआंग यी चेन ने 193 किग्रा (81 किग्रा और 112 किग्रा) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन फैंग वान लिंग ने 192 किग्रा (84 किग्रा और 108 किग्रा) के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।

इटैलियन ओपन

# जोडार ने अर्नाल्डी को हराया चौथे राउंड में किया प्रवेश



एजेंसी ▶▶| रोम

स्पेन के युवा खिलाड़ी राफेल जोडार ने अपने डेब्यू इटैलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से एंट्री करने वाले माटेओ अर्नाल्डी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया।

राफेल ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहले सेट को 6-1 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में अर्नाल्डी ने जोरदार वापसी की और सेट को 6-4 से जीता। हालांकि, तीसरे सेट में जोडार ने कमाल का खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। दो घंटे तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ ही जोडार ने एटीपी जीत/हार इंडेक्स के अनुसार, साल 2026 में क्ले कोर्ट पर 14-2 का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान उन्होंने माराकेच में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता, जबकि बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया।

### एटा बुंडेसलिगा मैच जीतने वाली पहली महिला कोच बनीं मैरी लुईस



*बर्लिन। मैरी लुईस एटा जर्मन फुटबॉल लीग बुंडेसलिगा में यूनियन बर्लिन की मैच के खिलाफ 3-1 की जीत के साथ यूरोपीय फुटबॉल की शीर्ष पांच पुरुष लीग में मैच जीतने वाली पहली महिला मुख्य कोच बन गईं। अंतरिम कोच के रूप में अपने पांच मैचों के कार्यकाल के चौथे मैच में एटा ने अपनी पहली जीत का जमकर जश्न मनाया। मैरी ने कहा, 'जीत से खुशी मिलती है। आप मैच जीतना चाहते हैं। आज की जीत से मैं बहुत खुश हूं। हमने जिस तरह से जीत हासिल की वह शानदार था।' यह मार्च के बाद यूनियन की यह पहली जीत थी।*

# डब्ल्यूएफआई से तनातनी के बीच गोंडा पहुंचीं विनेश, बोलीं- रखती हूं पात्रता

एजेंसी ▶▶| गोंडा

विनेश फोगाट सोमवार को गोंडा पहुंची और भारतीय कुश्ती महासंघ के कारण बताओ नोटिस का जवाब देकर दावा किया कि वह संन्यास के बाद वापसी की पात्रता रखती है हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने दोहराया कि वह राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकती।

महासंघ ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पूरी होने तक वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकती हैं। राष्ट्रीय महासंघ ने इससे पहले कहा था कि विनेश 26 जून 2026 तक घरेलू टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले सकती क्योंकि डोपिंग रोधी नियमों के तहत संन्यास के वापसी के बाद उन्होंने छह महीने का अनिवार्य नोटिस पूरा नहीं किया है।



### वाडा की संहिता का नियम नहीं होता लागू : विनेश

विनेश ने डब्ल्यूएफआई के कारण बताओ नोटिस का जवाब देते हुए कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की संहिता का रिटायर्ड खिलाड़ियों से जुड़ा नियम 5.6.1 उन पर लागू नहीं होता क्योंकि वह जून में ही यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को संन्यास के बाद वापसी के अपने फैसले से अवगत करा चुकी हैं। विनेश ने अपने जवाब में कहा कि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू को पहले ही अपनी वापसी की जानकारी दे दी थी लिहाजा प्रक्रियागत जरूरतें वह पूरी कर चुकी हैं। डब्ल्यूएफआई सूत्रों ने हालांकि कहा कि महासंघ उनके जवाब से संतुष्ट नहीं है और उसका मानना है कि विनेश ने सिर्फ पात्रता के पहलू पर जवाब दिया है जबकि उनके खिलाफ लगाए गए अनुशासनहीनता के आरोपों का जवाब नहीं दे सकी हैं।

## चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराया

# बार्सिलोना ने 29वीं बार जीता ला लीगा का खिताब



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने कैंप नोउ में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियाल मैड्रिड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर 29वीं बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीता। मार्कस रैशफोर्ड के नौवें मिनट और फेरान टोरेस के 18वें मिनट में किए गए गोल ने बार्सिलोना की जीत सुनिश्चित की। इससे उसने ला लिगा के तीन दौर के मैच शेष रहते हुए रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की अजेय बढ़त हासिल कर ली। अब बार्सिलोना की 35 मैच में 91 और रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं।

### बार्सिलोना ने शुरू से दबदबा बनाया

*बार्सिलोना ने मैच में शुरू से ही दबदबा बना दिया था। उसने शुरू में बढ़त हासिल करने के बाद रियाल मैड्रिड को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उसकी रक्षापंक्ति में रियाल मैड्रिड के हमलों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। रैशफोर्ड ने फ्री किक पर बार्सिलोना के लिए पहला गोल किया, जबकि टोरेस ने डैनी ओल्मो के पास पर पेनल्टी एरिया के अंदर से गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया, जो आखिर तक बरकरार रहा।*

### पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे बार्सिलोना के कोच

*बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक मैच में अपने पिता के निधन के बावजूद डगआउट में मौजूद थे। बार्सिलोना ने मैच शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उनके पिता के निधन की घोषणा की थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काली पट्टी बांधी और मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा।*




## एनआईए और कर्नाटक पुलिस की अलग-अलग टीमें जांच में जुटी

# पीएम मोदी के काफिले के रूट के पास कैसे पहुंची जिलेटिन स्टिक, मामले की जांच करने बेंगलुरु पहुंची एनआईए टीम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रविवार को बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा में बड़ी भूल सामने आई। पीएम मोदी के काफिले से गुजरने वाले रास्ते से संदिग्ध परिस्थितियों में दो जिलेटिन की छड़े बरामद कई गई। मामले की जांच जारी है, एनआईए ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है। दरअसल, पीएम मोदी के काफिले के रास्ते में जिलेटिन की छड़ियां मिलने के एक दिन बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले को अपने हाथ में लिया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एक टीम बेंगलुरु के बाहरी इलाके में उस स्थान की ओर पहुंची है, जहां रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला गुजरने वाला था।

*कर्नाटक पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए छह विशेष जांच टीमें गठित की*


फाइल फोटो

*एक आरोपी को पकड़ा, पूछताछ कर क्लू खोज रही पुलिस*

### जांच की गति को बढ़ाया

हालांकि, इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन जांच एजेंसियों ने दोषियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेंगलुरु दौरे से पहले उनके काफिले के रास्ते पर जिलेटिन स्टिक मिलने के मामले ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। इस मामले की जांच अब और तेज कर दी गई है। कर्नाटक पुलिस ने मामले की तह तक पहुंचने के लिए छह विशेष जांच टीमें गठित की हैं। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) और अन्य एजेंसियों की टीमें लोहित नामक एक व्यक्ति से लगातार पूछताछ कर रही हैं।

### फोन कॉल का राज जानने जुटी टीमें

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले इसी व्यक्ति ने कथित तौर पर धमकी भरा फोन कॉल किया था। इसके कुछ घंटों बाद पीएम के काफिले के रूट के पास संदिग्ध बॉक्स में विस्फोटक सामग्री मिली थी। पुलिस ने बताया कि काग्गलीपुरा थाना क्षेत्र की पुलिस और अन्य एजेंसियां बेंगलुरु साउथ और रामनगरा क्षेत्र की खदानों में इस्तेमाल होने वाली जिलेटिन स्टिक की जानकारी जुटा रही हैं।

### ये है मामला

स्थानीय पुलिस के अनुसार, प्रधानमंत्री के निर्धारित दौरे से लगभग 90 मिनट पहले, रविवार सुबह नाइस रोड जंक्शन से लगभग एक किलोमीटर दूर, थथागुनी, कग्गलीपुरा के पास जिलेटिन की दो स्टिक वाला एक पैकेट बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि तोड़फोड़ रोधी निरीक्षण में लगे एक कांस्टेबल ने इलाके पर नियंत्रण अभियान के तहत जिलेटिन की छड़ वाले इस पैकेट को देखा।

### लोहित को हिरासत में लेकर एंगल की तलाश

सूत्रों के अनुसार, कोरमंगला इलाके के एक निवासी को फोन करने के बाद पुलिस ने लोहित को हिरासत में लिया था। इसके बाद जब प्रधानमंत्री के रूट के पास जिलेटिन स्टिक बरामद हुईं, तो कई एजेंसियां सक्रिय हो गईं और उससे संभावित संबंधों को लेकर पूछताछ शुरू की गई। रविवार देर रात तक जांच एजेंसियों ने आरोपी से पूछताछ की। इसमें एनआईए, बेंगलुरु सिटी पुलिस, बेंगलुरु साउथ डिवीजन पुलिस और अन्य एजेंसियों के अधिकारी शामिल रहे।

## पीएम मोदी की ईंधन बचाने और सोना नहीं खरीदने की सलाह के बाद बढ़ी सक्रियता

# राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा- जरूरी सामान और ऊर्जा आपूर्ति पर रखें नजर, घबराएं नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एजेंसी, नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर लोगों से शांत रहने और किसी भी तरह की घबराहट से बचने को कहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर सतर्क नजर रखे हुए है।

मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के मद्देनजर सोमवार को आईजीओएम की 5वीं बैठक हुई। इस बैठक में रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सराहनीय काम कर रही है।

मैं लोगों से शांत रहने का आग्रह करता हूं क्योंकि सरकार आपूर्ति में किसी भी कमी या रुकावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में लोगों की सामूहिक भागीदारी आत्मनिर्भरता और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**कमी या रुकावट को रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है सरकार**


राजनाथ बैठक लेते हुए

### पीएम की अपील पर सक्रिए हुई महाराष्ट्र सरकार

## ऑनलाइन बैठकें और ईवी वाहनों का उपयोग शुरू

*पीएम मोदी की इस अपील के बाद महाराष्ट्र सरकार ने खर्चे बचाने की पहल शुरू कर दी है। महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी काम काज में अब सिर्फ इलेक्ट्रिक व्हीकल को इस्तेमाल करने का फैसला किया है। इसके अलावा सरकार ने मंगलवार से सभी बैठकों को ऑनलाइन आयोजित करने का फैसला किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने प्रतिनिधि नहीं भेजेगी। पीएम ने कोविड काल की तरह वर्क फ्रॉम होम, वर्चुअल मीटिंग्स को बढ़ावा देने को कहा ताकि ईंधन बच सके। इसके अलावा उन्होंने अनावश्यक विदेश यात्राएं कम से कम एक साल के लिए टालने की अपील की. इसके अलावा उन्होंने शादियों-समारोहों में एक साल तक नए सोने के गहने न खरीदने को कहा है। कान्स फिल्म फेस्टिवल मंगलवार 12 मई से फ्रांस के कान्स शहर में शुरू होने जा रहा है। इस बार 23 मई तक चलने वाले इस प्रतिष्ठित फिल्म प्रतिष्ठित में सिनेमा की दुनिया के नामी फिल्मकार, कलाकार, राइटर, डायरेक्टर सब एक साथ आते हैं। इस फेस्टिवल में महाराष्ट्र सरकार भी अपने प्रतिनिधि भेजा करती थी। लेकिन इस बार महाराष्ट्र सरकार का कोई प्रतिनिधि कान्स नहीं जाएगा। इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल में महाराष्ट्र की दो मराठी फिल्में मार्चे दू फिल्म सेक्शन के लिए सिलेक्ट हुई हैं।*

- *अब महाराष्ट्र सरकार का कोई भी प्रतिनिधि 'कान्स फिल्म फेस्टिवल' के लिए विदेश नहीं जाएगा*
- *सरकारी कामकाज में केवल इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल होगा*
- *आज से विभाग की सभी बैठकें ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी।*

### विदेशी मुद्रा की आवश्यकता वाली वस्तुओं पर खर्च कम करें : केंद्रीय मंत्री वैष्णव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इसका शांतिपूर्ण समाधान अभी दूर लग रहा है। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से केंद्र सरकार के प्रयासों में सहयोग



करने की अपील की। वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) की अपील और पेट्रोल-डीजल बचाने वाली बात पर अश्विनी वैष्णव ने पीएम नरेंद्र मोदी का समर्थन किया। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि दुनिया बहुत ही उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत जैसे देश उन भू-राजनीतिक तनावों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार न हों जो वैश्विक बाजारों को नया रूप दे रहे हैं।

### रक्षा मंत्रालय ने जारी किए संशोधित दिशानिर्देश

# रक्षा खरीद : अब भ्रष्टाचार, समझौते के उल्लंघन पर 10 साल तक बैन होगी कंपनी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बढ़ते सुरक्षा खतरों और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर रक्षा मंत्रालय ने रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीपीपी) में बड़ा बदलाव कर दिया है। जिसकी मदद से अब रक्षा उत्पाद बनाने वाली प्रत्येक कंपनी को चौबीसों घंटे अपने आंख-कान खोलकर रखने पड़ेंगे। एक बार रक्षा मंत्रालय या तीनों सशस्त्र सेनाओं के साथ कोई भी सैन्य समझौता करने के बाद अगर वह (कंपनी) किसी भ्रष्टाचार में लिप्त पाई गई, किसी समझौते का उल्लंघन किया, उत्पाद की गुणवत्ता प्रभावित हुई, सप्लाई में देरी या फिर वह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े किसी मामले में दोषी पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसमें कंपनी पर 5 से 10 साल तक का प्रतिबंध




भी लगाया जा सकता है। मंत्रालय द्वारा डीपीपी में किए गए इन संशोधनों के साथ ही अब 2016 में जारी किए गए पुराने नियम पूरी तरह से समाप्त हो गए हैं। यानी यह संशोधित दिशानिर्देश ही अब इस संबंध में पूरी तरह से लागू रहेंगे। संशोधित दिशानिर्देशों के जरिए रक्षा मंत्रालय का उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहिष्णुता और सैन्य उत्पादों की खरीद प्रक्रिया में जमीनी स्तर पर पारदर्शिता के सिद्धांत को शत-प्रतिशत लागू करना है। इसके अलावा इस कवायद के पीछे उसकी सोच के केंद्र में अब केवल हथियारों की खरीद का मामला ही नहीं रहेगा। बल्कि किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ अनियमितता को दूर करने, समयबद्ध डिलीवरी के साथ उत्पाद के बेहतर प्रदर्शन पर भी ध्यान दिया जाएगा। संशोधनों को मंत्रालय ने 'अमेंडेड गाइडलाइंस ऑफ द मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस फॉर पेनल्टीज इन बिजनेस डीलिंग्स विद एंटिटीज' नामक दस्तावेज के जरिए जारी किया है।

### सहायक कंपनियों पर भी गिरेगी गाज

दिशानिर्देशों में मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि उक्त रूप से किसी भी मामले में दोषी पाए जाने की स्थिति में केवल रक्षा उत्पाद बनाने वाली मुख्य कंपनी पर ही पांच से दस साल का प्रतिबंध नहीं लगेगा। बल्कि इसका प्रभाव उससे जुड़ी हुई सहयोगी कंपनियों, संयुक्त उपक्रम या विलय के बाद बनी हुई नई इकाइयों पर भी समान रूप से पड़ेगा। रक्षा मंत्रालय को तेजी से बदलती हुई




### खबर संक्षेप

#### फर्जी आईडी के साथ तीन संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने वायु सेना स्टेशन नौशहरा नलबंदा के संवेदनशील इलाके के पास से एक कार में सवार तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सराजदीन और दो युवकों, जिनका नाम बिल्ला है, के रूप में हुई है। ये तीनों होशियारपुर के निवासी हैं।

#### मनरेगा का अंतः अब जी राम जी योजना से मिलेगा रोजगार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह नया कानून 1 जुलाई, 2026 से देशभर में प्रभावी होगा, जिसके साथ ही दशकों से चल रही मनरेगा योजना समाप्त हो जाएगी। नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है।

### छत्तीसगढ़ में तरबूज खाने किशोर की मौत, तीन बीमार

**जांजगीर (छत्तीसगढ़) (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के एक गांव में तरबूज खाने के बाद 15 वर्षीय लड़के की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के तीन अन्य बच्चे बीमार पड़ गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना घुरकोट गांव में हुई, जहां ये बच्चे परिवार वालों के साथ अपने मामा के घर घूमने आए थे। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान पोड़ी दलहा गांव निवासी अखिलेश धीवर (15) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि बीमार पड़ने वाले अन्य बच्चों की पहचान अवारिद गांव के श्री धीवर (4), खटोला के पिंटू धीवर (12) और कोटगढ़ के हितेश धीवर (13) के रूप में हुई है।

### चीन की नई चाल राफेल के खिलाफ फर्जी प्रोपेगेंडा

**बीजिंग।** चीन अपने जे-10सी फाइटर जेट के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में खरीदार तलाशने की जद्दोजहद में अब झूठी कहानियों और प्रोपेगेंडा का सहारा ले रहा है। चीनी सरकारी मीडिया और इंजीनियरों ने दावा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के जे-10सी विमानों ने भारत के राफेल जेट्स को मार गिराया। इस दावे के समर्थन में चीन सोशल मीडिया पर मनगढ़ंत वीडियो वायरल कर रहा है, जिसमें राफेल को अपनी पीएल-15 मिसाइल का शिकार होते दिखाया गया है। रक्षा विशेषज्ञों ने इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान पिछले एक साल में इस तथाकथित सफलता का कोई भी प्रमाण देने में विफल रहा है।

## अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की चुनौती

# ईरान द्वारा स्वीकृत मार्ग का चयन किया, होर्मुज से गुजरा भारत से जुड़ा एलपीजी टैंकर 'तारा गैस'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पनामा के झंडे वाले एलपीजी कैरियर तारा गैस की आवाजाही पर वैश्विक नजरें टिकी हुई हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 53,208 मीट्रिक टन क्षमता वाला यह विशाल जहाज संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह से रवाना होकर ईरान के लारक द्वीप के पास देखा गया है। भारतीय चालक दल और मालिकाना हक का दावा करने वाले इस जहाज ने



होर्मुज पार करने के लिए ईरान द्वारा स्वीकृत मार्ग का चयन किया है, जिसे सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जा रहा है। जहाज ट्रैकिंग डेटा प्लेटफॉर्म शिप एटलस के मुताबिक, तारा गैस की वर्तमान स्थिति और इसका पिछला रिकॉर्ड चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

### ये जहाज ईरानी माल ढोने में शामिल रहा

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह जहाज पूर्व में ईरानी माल की ढुलाई में शामिल रहा है, जिसके चलते इस पर अमेरिकी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय नाकेबंदी का खतरा बना हुआ है। हाल के महीनों में इस क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति काफी खराब हुई है, जहां 18 अप्रैल को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर द्वारा अन्य जहाजों पर गोलीबारी की गई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25